चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 326, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 26 दिसंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## जम्मू-कश्मीर के युवा प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति से मुलाकात की

**नई दिल्ली**

'वतन को जानो' कार्यक्रम में भाग लेने वाले जम्मू-कश्मीर के एक युवा प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि 'वतन को जानो' कार्यक्रम का उद्देश्य उन्हें देश की कला, संस्कृति, सभ्यता और देश में हो रहे विकास कार्यों से अवगत कराना है। दौरे के दौरान उन्हें एहसास हुआ होगा कि हम अलग-अलग भाषाएं बोलते हैं, अलग-अलग कपड़े पहनते हैं, अलग-अलग जीवनशैली अपनाते हैं, लेकिन हम एक हैं। यही एकता हमारी असली ताकत है। हमें इसे और मजबूत करना है।' राष्ट्रपति ने कहा कि अनुच्छेद-370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर के विकास में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। भारत सरकार और स्थानीय प्रशासन लोगों की प्रगति के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। आम लोगों के लाभ के लिए शासन-प्रशासन में प्रौद्योगिकी का बड़े पैमाने पर उपयोग किया जा रहा है। डिजिटल जम्मू-कश्मीर की ओर बढ़ते हुए, प्रशासन ने शासन को भविष्य के लिए तैयार करने के लिए महत्वपूर्ण पहल की है। उन्होंने कहा कि प्रभावी वितरण और पारदर्शिता सुशासन का आधार है। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि इसी सोच के साथ 1100 से अधिक सरकारी सेवाओं को ऑनलाइन कर दिया गया है जो आम जनता के हित में है। राष्ट्रपति ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के युवा भारत की मुख्यधारा का हिस्सा बनकर अपने सपनों को पूरा करना चाहते हैं, लेकिन आज भी कुछ तत्व निहित स्वार्थों के कारण नहीं चाहते कि कश्मीर आगे बढ़े। हालांकि, जिस तरह से सरकार जम्मू-कश्मीर की प्रगति के लिए बुनियादी ढांचे, प्रौद्योगिकी और शिक्षा में निवेश कर रही है, वह दिन दूर नहीं जब जम्मू-कश्मीर भारत में प्रगति का आदर्श प्रस्तुत करेगा। राष्ट्रपति ने युवा प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से सरकार द्वारा किए जा रहे विकासात्मक प्रयासों का लाभ उठाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि ऐसा करने से उनके जीवन में तरक्की के नए रास्ते खुलेंगे।

# मोहन कैबिनेट के 'स्पेशल 28'

**मध्य प्रदेश में 28 मंत्रियों की शपथ : विजयवर्गीय और प्रह्लाद समेत 18 को कैबिनेट में जगह, शिवराज के 10 मंत्रियों की छुट्टी**

**भोपाल**

**मध्य प्रदेश** में लम्बे इंतजार के बाद सोमवार को डॉ. मोहन यादव सरकार का पहला मंत्रिमंडल विस्तार हो गया। राजभवन के सांदीपनि सभागार में एक समारोह में 28 मंत्रियों ने शपथ ली। इनमें 18 कैबिनेट मंत्री, छह राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार और चार राज्य मंत्री शामिल हैं। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ दोनों उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ल मौजूद रहे। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में 18 कैबिनेट मंत्री, छह राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार और चार राज्यमंत्रियों ने पद और गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। कैबिनेट मंत्री के रूप में कुंवर विजय शाह, कैलाश विजयवर्गीय, प्रह्लाद सिंह पटेल, राकेश सिंह, करण सिंह वर्मा, उदय प्रताप सिंह, सम्पतिया उइके, तुलसीराम सिलावट, एदल सिंह कंषाना, निर्मला भूरिया, गोविन्द सिंह राजपूत, विश्वास सारंग, नारायण सिंह कुशवाह, नागर सिंह चौहान, प्रद्युम्न सिंह तोमर, राकेश शुक्ला, चैतन्य काश्यप "भैया जी" और इन्दर सिंह परमार ने शपथ ली। वहीं, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार के रूप में कृष्णा गौर, धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी, दिलीप जायसवाल, गौतम टेटवाल, लखन पटैल और नारायण सिंह पंवार ने शपथ ली, जबकि राज्यमंत्री के रूप में शपथ लेने वालों में नरेंद्र शिवाजी पटेल, प्रतिमा बागरी, अहिरवार दिलीप और राधा सिंह शामिल है। शपथ लेने वाले 28 मंत्रियों में सात सामान्य वर्ग से, 11 अन्य पिछड़ा (ओबीसी) वर्ग से, छह अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग से और चार अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग से हैं। इनमें 13 मंत्रियों की उम्र 60 साल से ज्यादा है। सीहोर जिले की इछावर सीट से विधायक करण सिंह वर्मा (68) सबसे उम्रदराज मंत्री हैं, जबकि सतना जिले की रैगांव सीट से विधायक प्रतिमा बागरी (35) सबसे कम उम्र की मंत्री हैं। सात मंत्री 12वीं क्लास तक पढ़े हैं।



## मंत्रिमंडल के जरिए भाजपा ने एमपी में साधा जातिगत समीकरण

**भोपाल**

**मध्य** प्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार का पहला मंत्रिमंडल गठन सोमवार हो गया हैं। मंत्रिमंडल के पहले विस्तार में 28 मंत्रियों ने शपथ ली। इनमें 18 कैबिनेट और 10 राज्य मंत्री बनाए गए है। इस मंत्रिमंडल गठन में भाजपा ने जातिगत समीकरण का विशेष ध्यान रखा है। मोहन मंत्रिमंडल में सीएम यादव समेत 12 ओबीसी मंत्री बनाए गए है, जबकि उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा समेत 6 एससी वर्ग के मंत्री और सामान्य वर्ग से आने वाले डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला समेत छह सवर्ण वर्ग के मंत्री बनाए गए है। वहीं चार मंत्री अनुसूचित जनजाति समुदाय से बने है। मंत्रियों में ओबीसी समुदाय से प्रह्लाद पटेल, एंदल सिंह कंसाना, नारायण सिंह कुशवाहा, राकेश सिंह, करण सिंह वर्मा, उदय प्रताप सिंह, इंदर सिंह परमार, कृष्णा गौर, धर्मेंद्र लोधी, नारायण पवार, लखन पटेल मंत्री बनाए गए हैं। सामान्य वर्ग से कैलाश विजयवर्गीय, विश्वास सारंग, प्रद्युम्न सिंह तोमर, गोविंद सिंह राजपूत, चैतन्य कश्यप, राकेश शुक्ला मंत्री बने हैं।



## पीएम मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार विकास के मार्ग पर बढ़ती रहेगी: सीएम मोहन




**भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश के नए मंत्रिमंडल गठन के बाद सभी मंत्रियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मंत्रिमंडल में सभी जिलों, क्षेत्रों, अंचलों और पूरे मध्यप्रदेश का समावेश करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने नव नियुक्त मंत्रियों को बधाई देते हुए कहा कि आने वाले समय में सभी मंत्री अच्छा परिणाम देंगे, जो मध्यप्रदेश के विकास के लिए बेहतर होगा। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार प्रदेश में विकास के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ती रहेगी। विकास के मामलों में कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, सांसद जेपी नड्डा, सांसद वीडी शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित सभी वरिष्ठ नेताओं के समन्वय से प्रदेश के मंत्रिमंडल का गठन हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि आज 28 मंत्रियों को शपथ दिलाई गई है। इस तरह मुख्यमंत्री सहित मध्यप्रदेश के मंत्रिमंडल में सदस्यों की कुल संख्या 31 हो गई है। आने वाले समय में शेष स्थानों की भी पूर्ति की जाएगी।




राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी जयंती पर नई दिल्ली में अटल समाधि सदैव अटल में पुष्पांजलि अर्पित की।

## मेरी सरकार के कार्यों में महामना मालवीय की दृष्टि की स्पष्ट झलक: प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कहना है कि मेरी सरकार के कार्यों में महामना मालवीय की दृष्टि की स्पष्ट झलक मिलती है। महामना ने राष्ट्र के आधुनिक शरीर में प्राचीन आत्मा को सुरक्षित रखने की दृष्टि दी थी। सनातन सोच और संस्कारों का वे संगम थे। स्वतंत्रता आंदोलन में अपनी प्रभावी भूमिका निभाते हुए वे भविष्य का निर्माण भी कर रहे थे। उनकी प्रेरणा से ही हम देश के तेज गति से विकास के साथ ही विरासत को संवारने के कार्यों में जुटे हैं। पंडित मदन मोहन मालवीय के जन्मदिवस पर उनके संपूर्ण वाङ्मय का लोकार्पण करते हुए उन्होंने कहा कि मुझे इस बात का संतोष और गर्व है कि इसी सरकार के समय महामना के राष्ट्र के प्रति अमूल्य योगदान को समझा गया और हम उन्हें भारत रत्न देकर गौरवान्वित हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को पंडित मदन मोहन मालवीय की 162वीं जयंती के अवसर पर यहां विज्ञान भवन में महामना मालवीय मिशन द्वारा आयोजित समारोह में कहा कि हमारी सरकार में शासन का अर्थ सत्ता का प्रभाव नहीं बल्कि सेवा का भाव है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का स्मरण करते हुए उन्होंने कहा कि हम संवेदनशील होकर निर्णय लेते हैं और यही हमारे सुशासन का आधार है। इस अवसर पर उन्होंने पंडित मदन मोहन मालवीय के संग्रहित दस्तावेजों के 11 खंडों की पहली श्रृंखला का लोकार्पण किया।



## ईसाई समुदाय के साथ पुराने, घनिष्ठ और मधुर संबंध रहे हैं: प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को क्रिसमस पर ईसाई समुदाय के साथ अपने पुराने और नजदीकी संबंधों को रेखांकित करते हुए कहा कि ईसाइयों के साथ पुराने, घनिष्ठ और मधुर संबंध रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत देश के प्रति ईसाई समुदाय के योगदान को गर्व से स्वीकार करता है। प्रधानमंत्री ने अपने आवास 7 लोक कल्याण मार्ग पर एक क्रिसमस कार्यक्रम में भाग लेते हुए कहा कि क्रिसमस वह दिन है जब हम यीशु मसीह के जन्म का जश्न मनाते हैं। यह यीशु मसीह के जीवन संदेशों और मूल्यों को याद करने का भी एक अवसर है। उन्होंने कहा कि यीशु मसीह ने करुणा और सेवा के मूल्यों को जिया है।

उन्होंने एक ऐसा समाज बनाने के लिए काम किया, जिसमें सबके के लिए न्याय हो और समाज समावेशी हो। प्रधानमंत्री ने कहा कि क्रिसमस के इस शुभ अवसर पर, मैं बताना चाहूंगा कि भारत देश में ईसाई समुदाय द्वारा किए गए महान योगदान को गर्व से स्वीकार करता है। उन्होंने कहा, ईसाई समुदाय के कई नेता स्वतंत्रता संग्राम में शामिल थे।

## सतर्क रहे: कोरोना के मामलों में पिछले कुछ दिनों से लगातार इजाफा देखने को मिल रहा

**नई दिल्ली**

देश में कोरोना के मामलों में पिछले कुछ दिनों से लगातार इजाफा देखने को मिल रहा है। विभिन्न राज्यों में एक्टिव केस के साथ कोरोना के नए वेरिएंट जेएन.1 के मामले भी बढ़ रहे हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ताजा जानकारी के अनुसार, बीते 24 घंटों में भी कोरोना के 628 नए मामले सामने आए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, देश में 24 दिसंबर तक कोरोना के जेएन.1 वेरिएंट के कुल 63 मामले सामने आए हैं। गोवा में सबसे ज्यादा 34 मामले, महाराष्ट्र से 9, कर्नाटक से 8, केरल से 6, तमिलनाडु से 4 और तेलंगाना से 2 मामले मिले हैं।

**केरल में 128 नए कोरोना केस**

केरल में पिछले 24 घंटों में 128 नए कोविड-19 मामले सामने आए हैं और एक मौत हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, राज्य में सक्रिय मामले 3,128 हो गए हैं। **जेएन.1** के डर के बीच, महाराष्ट्र में 50 नए कोरोना केस दर्ज किए गए, जिनमें से जेएन.1 वेरिएंट के नौ मामले सामने आए, जिससे राज्य में नए वेरिएंट के कुल 10 मामले हो गए। दो पुणे में और एक-एक सिंधुदुर्ग, अकोला और पुणे ग्रामीण जिलों में हैं। कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच नीति आयोग के सदस्य डॉ वी के पॉल ने पिछले हफ्ते कहा था कि भारत में वैज्ञानिक समुदाय नए कोविड सब-वेरिएंट की बारीकी से जांच कर रहा है।

## छत्तीसगढ़ मॉडल से लोगों के बीच पैठ बना रही भाजपा

**रायपुर**

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन (25 दिसंबर) को भाजपा ने सेवा-सुशासन दिवस के रूप में मनाया। इसके लिए हर राज्य में जिला से लेकर मंडल-बूथ स्तर तक सेवा कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में भाजपा नेताओं ने पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार के द्वारा किए जा रहे कार्यों की लोगों को जानकारी दी और यह बताने का प्रयास किया कि किस तरह मोदी सरकार के कार्यों के द्वारा उस लक्ष्य को हासिल करने का प्रयास किया जा रहा है जिसका सपना पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने देखा था।

बीजेपी नेताओं का मानना है कि 2019 में मोदी सरकार की सत्ता में वापसी के पीछे उसकी कल्याणकारी योजनाओं का लोगों के बीच बहुत अधिक लोकप्रिय होना था।

# सैन्य हिरासत में तीन नागरिकों की मौत की जांच शुरू

### ब्रिगेड कमांडर हटाये गए, पुंछ सेक्टर में आतंकी हमले के बाद हिरासत में लिये गए थे आठ नागरिक, जांच के दायरे में बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर और कंपनी कमांडर भी



**नई दिल्ली**

सीमावर्ती जिले पुंछ के सूरनकोट इलाके में डेरा की गली और बुफलियाज में गुरुवार को सेना के दो वाहनों पर आतंकी हमले के बाद सैन्य हिरासत में तीन नागरिकों की मौत के मामले की जांच सेना ने शुरू कर दी है। भारतीय सेना ने 13 सेक्टर राष्ट्रीय राइफल्स के एक ब्रिगेड कमांडर को इस मामले की जांच होने तक हटा दिया है और ब्रिगेड की कमान दूसरे अधिकारी को सौंपी गई है। सीमावर्ती जिले पुंछ के सूरनकोट इलाके में डेरा की गली और बुफलियाज के बीच एक तीखे मोड़ पर आतंकी हमले में चार जवान बलिदान हो गए थे। उसके दूसरे दिन आठ आम नागरिकों को सेना की उसी फॉर्मेशन ने उठाया था, जिसमें गुरुवार को पुंछ में आतंकवादियों ने घात लगाकर हमला किया था और चार सैनिक बलिदान हो गए थे। सेना ने रविवार को आखिरकार मारे गए सैनिकों की पहचान नायक बीरेंद्र सिंह, नायक करण कुमार, राइफलमैन गौतम कुमार और राइफलमैन चंदन कुमार के रूप में की। इनमें से दो जवानों के शव क्षत-विक्षत किये गए थे। सेना की हिरासत में लिये गए आठ लोगों में से तीन नागरिकों की यातना के वीडियो और मौतों को केंद्र सरकार ने बहुत गंभीरता से लिया है और जवाबदेही तय करने के लिए सेना को सख्त निर्देश दिए हैं। केंद्र सरकार के सख्त निर्देश के बाद सेना ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। इस मामले से जुड़े जम्मू-कश्मीर में पुंछ के प्रभारी 13 सेक्टर राष्ट्रीय राइफल्स का नेतृत्व करने वाले ब्रिगेडियर पी. आचार्य को कथित यातना वीडियो और तीन नागरिकों की मौत की जांच लंबित रहने तक उनके पद से हटाकर किसी अन्य इकाई या मुख्यालय में तैनात कर दिया गया है। जांच के दायरे में ब्रिगेडियर आचार्य के अधीन बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर, सेकेंड इन कमांड के अलावा कंपनी कमांडर को भी लिया गया है।

जांच के दायरे में आने वाली बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर घटना के वक्त छुट्टी पर थे और दूसरा अधिकारी कार्य कर रहा था। कश्मीर के एक नए अधिकारी ने 13 सेक्टर राष्ट्रीय राइफल्स की कमान संभाली है। सूत्रों ने बताया कि दरअसल, राजौरी-पुंछ क्षेत्र में पिछले डेढ़ साल में एक चिंताजनक प्रवृत्ति देखी गई है, जहां सैनिकों पर बार-बार आतंकवादी घात लगाकर हमला कर रहे हैं।

# त्यौहारों से हमें आत्मशांति और सद्भाव की मिलती है प्रेरणा - अंकिता खेड़ा

## सेंट पीटर्स कोएजुकेशनल इंग्लिश मीडियम स्कूल में क्रिसमस पर आयोजित हुआ रंगारंग कार्यक्रम



**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** परम्परागत प्रायः सभी त्यौहारों को हमें समान रूप से सम्मान करते हुए मानना चाहिए क्योंकि त्यौहारों से हमें आत्मशांति और सद्भाव की प्रेरणा मिलती है। उक्त उदगार जनवार मेजारोड स्थित सेंट पीटर्स को एजुकेशनल इंग्लिश मीडियम स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती अंकिता खेड़ा ने रविवार को क्रिसमस पर्व के उपलक्ष में विद्यालय प्रांगण में आयोजित रंगारंग कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्र छात्राओं अभिभावकों एवं आम लोगों को संबोधित करते हुए ब्यक्त किया। उन्होंने कहा कि 25 दिसंबर एक वार्षिक पवित्र ईसाई अवकाश के साथ साथ ईसाई धर्म के आध्यात्मिक गुरु संस्थापक यीशु मसीह का जन्म दिन का पर्व है इस दिन परिवार और इष्ट मित्र एक साथ आते हैं तथा उपहारों का आदान प्रदान प्रायः करते हैं और अपने उद्धार कर्ता के जन्म पर विचार करते हुए चर्च सेवाओं में काफी उत्साह के साथ भाग लेते हैं। श्रीमती खेड़ा ने विविधता में एकता के विश्वास पर ध्यान केंद्रित करते हुए आगे कहा कि हमें परम्परागत सभी त्यौहारों को समान रूप से सम्मान देते हुए मनाना चाहिए क्योंकि त्यौहारों से हमें आत्मशांति और सद्भाव की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में सांता क्लाज की वेशभूषा में छात्र छात्राओं को भेजने वाले अभिभावकों का उन्होंने आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया। इस दौरान विद्यालय के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी की गई जिसकी उपस्थित लोगों ने भुरि भूरि प्रशंसा किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम के अंत में श्रीमती खेड़ा ने स्कूल प्रांगण में खूबसूरत मंच की साज सज्जा के लिए प्रबंधक अभिषेक खेड़ा को धन्यवाद दिया। इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं तथा अभिभावकों के अलावा कई अन्य लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## महर्षि अरविंद विद्या निकेतन गुनई में विज्ञान प्रदर्शनी व क्रिसमस मेले का भव्य आयोजन



**मेजा।** क्षेत्र के गुनई स्थित महर्षि अरविंद विद्या निकेतन स्कूल के विद्यार्थियों एवं शिक्षक- शिक्षिकाओं ने क्रिसमस डे की पूर्व संध्या पर बड़े हर्षोंल्लास के साथ यीशु मसीह का जन्म दिवस मनाया।स्कूल के छात्र-छात्राओं ने यीशु मसीह के जीवन से संबंधित विभिन्न आकर्षक झांकियां निकाली तथा भव्य क्रिसमस मेले का आयोजन किया, जिसमें फ्रूट्स, कॉफी, गुलाब जामुन ,कॉटन कैंडी, पिज्जा,बर्गर,ढोकला जैसे 60 स्टॉल और एयरगन गेम, रिंग गेम, बैलून स्टिक, लक चांस जैसे 40 गेम काउंटर भी लगाए गए`क्रिसमस मेले की भव्यता के लिए साइंस एग्जीब्युशन ,कंप्यूटर,आर्ट एवं हैंडीक्राफ्ट से संबंधित लगभग 5 सौ मॉडल,चित्रों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। एक ओर जहां भव्य क्रिसमस मेले का आयोजन हो रहा था, वहीं दूसरी तरफ सांस्कृतिक मंच से विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति करके बाल कलाकारों ने क्रिसमस मेले में चार चांद लगाते हुए मेले में उपस्थित सभी अगंतुकगणों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद उत्तर प्रदेश डॉ. केपी श्रीवास्तव ने फीता काटकर किया।प्रबंधक गोविंद श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि का बुके देकर स्वागत किया।मैनेजमेंट संतोष श्रीवास्तव प्रधानाचार्य वरुण श्रीवास्तव ने सभी जा आभार व्यक्त किया।विज्ञान प्रदर्शनी में शिक्षार्थी अभिषेक, अर्चित, आर्यन, अर्चना , विद्या, राज नंदिनी , अमृता और अन्य प्रदर्शनी में छात्र और छात्राओं नेहा, मनु, अंतिमा, प्रिया असगर अभिनेष, जितेंद्र, शिवांगी, हरिओम, आयुष, अंजलि साथ जल की बूंद में अणुओं की भांति हजारों बच्चो ने भाग लिया। इस दौरान रमाशंकर शर्मा,सुमंत सर, सुनील सर ,अभिषेक सर ,पार्थो सिंहा सर, मनीष सर, प्रशांत सर ,दर्पण सर, चंद्रशेखरसर, पंकज वर्मा सर शिक्षिका लिली , स्वीटी, साधना, अंजू, , संजू, रेखा, नेहा, अर्चना, रंजना, शशि, विभा का सहयोग सराहनीय रहा।

# एमएलसी को 51 किलो फूलों की माला व चांदी का मुकुट पहनाकर किया सम्मानित



**मेजा।** रविवार को प्रयागराज जिला पंचायत सभागार में अरविन्द विश्वकर्मा जिला पंचायत सदस्य प्रतापपुर प्रयागराज (पूर्व महामंत्री काशी क्षेत्र भाजपा)के नेतृत्व में विश्वकर्मा समाज प्रयागराज द्वारा विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) व वाराणसी जिले के तीसरी बार मनोनीत वर्तमान जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा का भव्य स्वागत किया गया। एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या विश्वकर्मा समाज के हजारों के संख्या को देखकर भाजपा एमलएसी हुए गदगद, हो गया। मै आप सभी का आभार प्रकट करता हूं। बतौर मुख्य अतिथि ने कहा कि अब विश्वकर्मा समाज सक्रिय राजनीति में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें रहा है। विकास की गति मे तेजी आयेगी। ऊन्होने कहा कि अब विश्वकर्मा समाज जागरूक हो चुका हैं। हमारे समाज मे आइपीएस, आईएएस, पत्रकार, वकील, डॉक्टर, इंजीनियर और राजनीति में सक्रिय हो गये हैं। पूरे विश्वकर्मा समाज की तरफ से 51 किलो फूलों का माला व चांदी का मुकुट पहनाकर सम्मानित किया गया। स्वागत से अभिभूत एमएलसी ने आयोजकों का आभार प्रकट करने के साथ ही विश्वकर्मा समाज को संगठित रहने व राजनीति में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। वही विधान परिषद सदस्य हंस राज विश्वकर्मा ने सम्मान समारोह के आयोजक अरविन्द विश्वकर्मा को बड़ी जिम्मदारी सौपते हुए अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया। प्रतिनिधि बनाने पर पूरे विश्वकर्मा समाज बधाई देने वाले का ताता लगा रहा। जिला पंचायत सदस्य अरविन्द विश्वकर्मा ने कहा कि मैं एमएलसी हंस राज विश्वकर्मा को धन्यवाद देते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी मिली है मै उसको ईमानदारी एवं निष्ठा पूर्वक निर्वहन करुगा। विश्वकर्मा समाज सम्मान समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अरविन्द विश्वकर्मा ऐडवोकेट हाईकोर्ट ने किया संचालक एडोकेट रमाकांत विश्वकर्मा, किया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉक्टर सुनील कुमार विश्वकर्मा, डाक्टर विंदु विश्वकर्मा, रामशिरोमणि (नानक विश्वकर्मा) ग्राम प्रधान वजहा सिरसा ,ओम प्रकाश विश्वकर्मा ( कोषाध्यक्ष भाजपा), अधिवक्ता विनोद कुमार विश्वकर्मा (पत्रकार) मेजा, एडोकेट राजेश विश्वकर्मा (पत्रकार), प्रबन्धक राजेश विश्वकर्मा सहलोलवा, रमाकांत विश्वकर्मा (भाजपा काशी प्रान्त उपाध्यक्ष) शिव प्रसाद विश्वकर्मा, मनोज कुमार विश्वकर्मा, विनीत कुमार विश्वकर्मा, नीलम गिरी, सुशीला कश्यप, अनुराधा, विनीता विश्वकर्मा (महिला मोर्चा अध्यक्ष), अंजलि सिंह, उषा विश्वकर्मा,सविता विश्वकर्मा, निशा विश्वकर्मा सहित हजारो की संख्या में विश्वकर्मा समाज उपस्थित रहे।

## गरीबों, असहायों की सहायता करना बहुत ही पुनीत कार्य : महापौर

**सहसों।** परोपकार के साथ दीनहीन गरीबों, असहायों, निराश्रित वृद्ध जनों के प्रति सहयोग की भावना से सहायता करना बहुत ही पुनीत का कार्य है। उक्त बातें सहसों के कसेरूआ कला स्थित गांधी भवन पर कस्तूरबा गांधी स्मृति सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी ने कही। उन्होंने कहा आवश्यकता परक जरूरतमंद लोगों को इस ठंड में राहत देने के लिए कंबल वितरण का कार्य सराहनी एवं बहुत ही पुनीत कार्य है। कार्यक्रम में ठंड से बचने के लिए कंबल पाकर मौजूद जरूरतमंदों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम का आयोजन ट्रस्ट के प्रबंधक अशोक कुमार गुप्ता व संचालन डॉक्टर धर्मराज यादव ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉक्टर संदीप गुप्ता, धर्मेंद्र यादव, राम सिंह यादव, उदय कुशवाहा, संजीव साहू , अजय कुमार गुप्ता, राहुल गुप्ता, डॉक्टर भीम सिंह, राजू गुप्ता, संतोष वर्मा सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## मुक्ति धाम योजना एक अनूठी पहल...

### अनोखी पहल -उद्घाटन पश्चात मुक्ति धाम (अंत्येष्ठि स्थल) पर प्रधान ने केक काट कर मनाया अपना जन्मदिन

**करछना।** मृत्यु के उपरांत शवदाह जैसी आवश्यक क्रिया को लेकर विशेष परिस्थितियों में भी शासन द्वारा नियत मुक्ति धाम निर्माण योजना सुविधाजनक और अनूठी पहल है। विशेष रूप से बारिश के दिनों में लोगों को इसे लेकर काफी दिक्कतें उठानी पड़ती थी।यह बातें क्षेत्र के चनैनी गांव में निर्मित मुक्ति धाम का लोकार्पण करते पार्षद कृष्ण कुमार पाठक उर्फ सोनू पाठक ने कही। प्रधान ने कहा कि गांव में मुक्ति धाम बनाए जाने से अब अंतिम संस्कार हेतु काफी सुविधा होगी। उन्होंने जीवन के हर पल को उल्लास से मनाया और जीने, के लिए समाज में आपसी भाईचारा,प्रेम बनाए रखने और शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ लेने और सदुपयोग करने पर जोर देते हुए कार्यक्रम स्थल पर ही केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया इस अवसर पर प्रमुख लोगों में कृष्ण कुमार पाठक (सोनू पाठक ) ,पार्षद -नगर निगम ,प्रयागराज अवतार किशन सिंह एडवोकेट अध्यक्ष प्रधान संघ, ब्रजेश कुशवाहा, धर्मराज पटेल प्रधान कचरी-पूर्व जिला कोषाध्यक्ष (भाजयुमों ) योगेश तिवारी के.के.मिश्रा (पूर्व उपाध्यक्ष हाईकोर्ट बार एसोसिएशन)अखिलेश पाण्डेय (एडवोकेट)शशिकांत तिवारी (बन्टी ) पूर्व उपाध्यक्ष छात्र संघ दीपू मिश्रा जी प्रभाकर त्रिपाठी (एडवोकेट) रोहित पाण्डेय (एडवोकेट)आलोक मिश्रा (एडवोकेट) योगेश्वर शुक्ला (योगी )रोहित केशरी रंजीत दुबे क्षितिज शुक्ला राहुल पाण्डेय धीतेश तिवारी धीरू?? शशिकांत तिवारी दुवार्सा शुक्ला?? गुड्डु तिवारी अमित शुक्ला? नीरज शुक्ला श्याम तिवारी? प्रखर मिश्र आशीष शुक्ला कुलदीप शुक्ला के अलावा बड़ी संख्या में प्रधान एवं प्रतिनिधि के अलावा निर्माण कार्य में अहम भूमिका निभाई राजगीर ओमप्रकाश, रामबाबू, जयप्रकाश, आशीष कुमार, अनिल कुमार, सुंदर लाल,लाल बाबू के अलावा ग्रामीण गांव वासियों ने मुक्ति धाम अंत्येष्ठि स्थल चनैनी में उद्घाटन समारोह में शामिल रहे।

# अधिकारियों ने चौपाल में बताए सरकारी योजनाएं

**लालापुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत विकासखंड जसरा के ग्राम सभा सुजौना में चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें विकास खण्ड जसरा के अधिकारियों ने उपास्थि लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्त्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी। भाजपा के जसरा मण्डल अध्यक्ष जगत नारायन शुक्ल ने मोदी जी के विश्व बंधुत्व की भावना की सराहना करते हुए विपक्षियों पर हमला बोला। मुख्य अतिथि डा.रीता बहुगुणा जोशी जी अपरिहार कारणों से कार्यक्रम में सम्मिलित नहीं हो सकीं।उन्होंने गारंटी वैन में प्रसारित हो रही योजनाओं के अंत में अपने वर्चुअल संवाद के माध्यम से लोगों को संबोधित किया। तथा केंद्र में भाजपा सरकार द्वारा संचालित हो रही महत्वपूर्ण योजनाओं को बताया।सांसद प्रतिनिधि के रूप में दिनेश प्रजापति ने लोगों को बताया कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार में महत्वपूर्ण योजनाओं के माध्यम से जन जन लाभान्वित हो रहे हैं।यशस्वी सांसद डॉ. रीता बहुगुणा जोशी जी के निरंतर जनसंपर्क एवम अथक प्रयास से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, किसान सम्मन निधि, गरीब कल्याणअन्न योजना, आयुष्मान हेल्थ कार्ड एवं घर-घर शौचालय तथा प्रधानमंत्री आवास किसानी के यंत्रों पर विशेष छूट आदि महत्वपूर्ण योजनाओं को जन-जन तक पहुंचने में प्रयागराज जिले में यमुनापार का औवल स्थान रहा है और उनके द्वारा आप की समस्याओं को सदैव हल करने का सफल प्रयास किया जाता रहा है। कार्यक्रम में अन्य महत्वपूर्ण लोगों में प्रधान रजनीश यादव राकेश सिंह, रजेश प्रजापति, कुल्लू, अशोक यादव, दिनेश केसरवानी राजू पटेल विवेक भदौरिया, गोपालकेसरवानी, आशीष प्रधान,मक्खन, शिक्षक बजरंग बहादुर, ग्राम पंचायत सचिव नितेश व नरेंद्र यादव उपस्थित रहे ।

# दलित, शोषित एवं वंचितों के नेता थे ज्ञानी जैल सिंह- राम आसरे विश्वकर्मा

**फूलपुर।** व्यक्ति में अगर संघर्ष क्षमता और दृढ़ संकल्प हो तो अभावों में भी संघर्ष से अडिग रहकर बड़ी से बड़ी ऊंचाइयों तक पहुंचा जा सकता है। गरीबी और जाति उसके आड़े नहीं आती। जिसको भारत के पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह ने करके दिखाया। वह गरीबों ,दलितों, शोषितों व वंचितों के नेता थे। यह बातें सोमवार को फूलपुर क्षेत्र के वीरकाजी गांव में आयोजित भारत के सातवें पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह की पुण्यतिथि पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री व अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम आसरे विश्वकर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार विश्वकर्मा समाज के बच्चों को टूल्स किट्स देने में उलझा रही है। उन्हें मजदूर बनाने की दिशा में ले जा रही है ताकि वह भविष्य के अधिकारी न बन सके। अगर वास्तव में दलित वंचितों व शिल्पकारों को आगे बढ़ाना ही है तो

**पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह की पुण्यतिथि पर आयोजित समारोह को संबोधित किया पूर्व राज्य मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा**



उन्हें कंप्यूटर दें। जिससे वह उच्च शिक्षा के साथ-साथ देश दुनिया व डिजिटल इंडिया से जुड़ सकें। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैन सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पंजाब के एक गरीब बढ़ई परिवार में पैदा होकर पंजाब के मुख्यमंत्री, देश के गृहमंत्री तथा भारत के राष्ट्रपति बने। वह एक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी देशभक्त समाजवादी विचारक और गरीबों शोषितों की लड़ाई लड़ने वाले संघर्षशील नेता थे। देश की आजादी की लड़ाई लड़ते हुए वह बार-बार जेल गए इसलिए उनका नाम जरनैल सिंह से जैल सिंह पड़ गया। देश की मातृभाषा हिंदी के प्रेमी होने के कारण उन्होंने राष्ट्रपति भवन का सारा काम हिंदी में ही किया। हम सभी को उनके जीवन आदर्शो से प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि शिवशंकर स्वर्णकार राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा, राष्ट्रीय सचिव महेंद्र कुमार विश्वकर्मा ,जिला अध्यक्ष राम निरंजन विश्वकर्मा, वेद प्रकाश शर्मा, अनिल कुमार विश्वकर्मा, संदीप विश्वकर्मा, रमाकांत शर्मा, ने भी संबोधित किया। इस मौके पर समाजवादी पार्टी गंगापार के जिलाध्यक्ष अनिल यादव, पूर्व विधायक मुज्तफा सिद्दीकी, अमरनाथ मौर्या ने पूर्व मंत्री का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुमित कुमार विश्वकर्मा, प्रमोद कुमार, रमाकांत बंगाली, आनंद विश्वकर्मा, ज्ञान चंद्र, सुभाष चंद्र,सदाशिव विश्वकर्मा, लालजी विश्वकर्मा, राजेंद्र प्रसाद विश्वकर्मा, नन्हेंलाल विश्वकर्मा, ओम नारायण विश्वकर्मा, रामदेव निडर, राम सुमेर पाल उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन राम अभिलाष विश्वकर्मा व अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राम निरंजन विश्वकर्मा ने किया।

# सिद्धपीठ माँ मांडवी देवी के मेले में उमड़ी भक्तों की भीड़

**अखण्ड भारत संदेश**

**मांडा।** प्राचीन सिद्धपीठ मां मांडवी देवी धाम का वार्षिक भव्य मेले का आयोजन संपन्न हुआ। वही मेले में दर्शनार्थियों की भारी भीड़ उमड़ी रही। एहतियातन भारी मात्रा में पुलिस तैनात रहे। मांडा बाजार में दिन भर जाम लगा रहा। सोमवार को मांडा खास पहाड़ी पर स्थित सिद्ध पीठ माँ मांडवी देवी धाम का वार्षिक भव्य मेला संपन्न हुआ। मेले में दूरदराज से आये तमाम दुकानदारों ने भी भाग लिया। 108 सिद्धपीठों में एक, मांडा राजमहल की कुलदेवी, मांडा खास दक्षिणी पहाड़ पर स्थित सिद्धपीठ मां मांडवी देवी धाम पर अगहन माह के पहले व दूसरे सोमवार को वार्षिक मेला लगता है। इस मेले में ग्रामीणों के घर गृहस्थी के उपयोग के ज्यादातर सामान बेचने के लिए दूरदराज से दुकानदार आते हैं। दूसरे व बड़े मेले में भक्तों की भारी भीड़ होती है। तमाम झूले व बाहरी दुकानदारों की भारी भीड़ के साथ हजारों लोग मौजूद रहे। मेले का शुभारंभ राजमहल मांडा के प्रबंधक सुशील सिंह ने मां मांडवी देवी का पूजन करके किया। एहतियातन इंस्पेक्टर मांडा वैभव सिंह के नेतृत्व में मांडा पुलिस भी मेले की सुरक्षा हेतु लगी रही। कुछ शोहदों को पुलिस ने भूले बिसरे बच्चों को परिजनों के हवाले किया। मेले की भीड़ के चलते मांडा खास बाजार से दो किमी दूर मांडवी देवी धाम तक दिन भर लंबा जाम लगता रहा और मौजूद पुलिस कर्मी जाम हटाते रहे।



**कर्म चारियों के रवैये से दुकान दार रहे नाराज :** इस दौरान मेले में आए हुए दूर- दराज से लोगों ने बताया कि इस वार्षिक मेले में दुकानदारों के लिए दुकान लगाने में भारी मशक्कतों का सामना करना पड़ता है और अपनी जगह पक्का करने के लिए मनमानी पैसा देना पड़ता है। राजमहल की प्रबंधक सुशील सिंह अपने कर्मचारियों के साथ मिलकर दुकानदारों से यह कहकर चंदा लिया जाता है कि मांडवी देवी धाम को जीर्णोद्वार करवाना है जो चारों तरफ बाउंड्री बनवाया जाएगा ताकि लोगों के रहने के लिए उत्तम व्यवस्था की जा सके। लेकिन आज तक मंदिर का जीर्णोद्वार तो क्या एक दीवार तक नही खड़ी हो पायी। मंदीर परिसर में आए लाखों की चढ़ोत्रि का आज तक कोई पता नही लगा पाया पैसा जाता कहा है। यह समूचे मांडा क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# गाजेबाजे के साथ निकाली गई शिव बारात हर हर महादेव की जयकारे से गुंजायमान रहा क्षेत्र

**घूरपुर।** घूरपुर के यमुना स्थित सुजावन देव मंदिर पर बनाए जा रहे 11करोड़ पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कार्य रविवार के दिन ही 11करोड़ 30लाख पूर्ण हो जाने पर सोमवार के दिन भारी संख्या में श्रद्धालु धूमधाम से गाजेबाजे के शिव बारात निकाले। हर हर महादेव जय जय श्री राम की जयकारे से चहूं ओर क्षेत्र गुंजायमान हो गया। घूरपुर राम लीला मैदान से सुजावन देव मंदिर तक श्रद्धालुओ की कतार लगी रही। बता दें कि स्वामी विशेश्वर महराज जी ने अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर बनाए जाने के पक्ष में न्यायालय द्वारा फैसला आने और निर्विवाद मंदिर बनाए जाने को लेकर 11करोड़ पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण कराए जाने का संकल्प लिए थे। शिव लिंग निर्माण कार्य पिछले माह से शुरू हुआ था। और इस माह के बीते रविवार की शाम तक 11करोड़ 30लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर देश में इतिहास रच दिया।सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी पुलिस कर्मियों के साथ लगे रहे। इस बीच घूरपुर बाजार के कारोबारी दिनेश केसरवानी ने जगह जगह शिव बारातियों को ठंडाई पिलाने की व्यवस्था की थी। डीजे के शिव भक्ति गीतों पर श्रद्धालु झूमते नृत्य करते पहुंचे।

**11 करोड़ पार्थिव शिवलिंगों के निर्माण कार्य पूर्ण होने पर हर्षोल्लास, देश में पहली बार रचा इतिहास**



**विधि पूर्वक मंत्रोचार के साथ संपन्न कराया शिव पार्वती का विवाह :** धूमधाम से कार्य स्थल सुजावन देव मंदिर पर धूमधाम से शिव बारात पहुंचने के बाद वैदिक मंत्रोंचार के साथ विधि पूर्वक जगत पिता भगवान शिव और जगत जननी मां पार्वती का विवाह संपन्न कराया गया । इस बीच महिला श्रद्धालुओ ने मंगलगीत गाए।

## न्यूज झरोखा

### समरसता दिवस के रूप में मनाई गई पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती

भजन गायक सुरेश भाई ने अपने गायन के जरिए दी श्रद्धांजलि



**शंकरगढ़।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सोमवार को धूमधाम से मनाई गई। सरस्वती शिशु मंदिर शंकरगढ़ में पूर्व पीएम की जयंती समरसता दिवस के रूप में मनाई गई। इस दौरान समरसता भोज का भी आयोजन किया गया। जयंती समारोह का शुभारंभ पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। प्रधानमंत्री और नेता प्रतिपक्ष के रूप में उनका कार्यकाल याद किया गया। व्यापार मंडल अध्यक्ष मूलचंद्र गुप्ता ने कहा, अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय जनता पार्टी के संस्थापकों में से एक थे। प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने देश की तीन बार सेवा की।अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में ही देश परमाणु संपन्न देश बना। समरसता दिवस के रूप में मनाई गई जयंती मे सुरेश भाई ओम शांति ने भजन प्रस्तुत किया और अंत में बाटी-चोखा का प्रोग्राम आयोजित किया गया, जिसमें सर्व समाज के लोगों ने एक पंक्ति में, एक साथ बैठकर भोजन किया और समरसता का संदेश दिया।इस मौके पर डॉ विनोद त्रिपाठी, छेदी लाल कोटार्य,रामायण शुक्ला, शिवनरेश द्विवेदी,अवधेश जी,संतोष केसरवानी,सुरेश केसरवानी,महेश केसरवानी,डॉ प्रेमचंद्र, अनूप केसरवानी,नरेंद्र गुप्ता, रतन केसरवानी,जय केसरवानी,समर बहादुर सिंह,रमेश केसरवानी,लाल जी,अनिल सोनी,सचिन वैश्य, मुकेश पाठक,संतराम गुप्ता, सुनील आहूजा, अन्नी महराज समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### मऊ आइमा में श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्मदिन कई स्थानों पर बडी धूमधाम से मनाया गया



**मऊआइमा।** भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओ ने श्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्म दिवस पर मऊआइमा के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित कर उनके चित्र पर माल्यार्पण किए।इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष शंभूनाथ पटेल मिठाई लाल बाल गोविंद पासी राम यश मौर्य प्रेम जयसवाल बूथ अध्यक्ष आशीष शर्मा बूथ अध्यक्ष रामनरेश गौतम हनुमान प्रसाद दीपक पटेल अशोक कुमार विश्वकर्मा ललित कुमार गौतम विनोद कुमार शीतला प्रसाद मिश्र आदि बीजेपी के लोग उपस्थित रहे। जन्म शताब्दी वर्ष, संगठन के कार्यकताओं के साथ मनाया गया इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष शारदा प्रसाद शुक्ल, नर नारायन जी, चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला संयोजक डॉक्टर प्रकाश पटेल, महामंत्री जयप्रकाश पटेल , हरि गोविंद पटेल, पूर्व अनुसूचित मोर्चा जिला महामंत्री मिठाई लाल ,सुरेश मिश्रा , गोपाल पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

### पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की मनी जयंती



**मेजा।** पूर्व प्रधान रामनगर तीर्थराज विंद उर्फ बबलू के निवास स्थान पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की जयंती पूर्व विधायक मेजा श्रीमती नीलम करवरिया के नेतृत्व में मनाई गई। इस दौरान श्रीमती करवरिया ने सर्व प्रथम भारत रत्न भाजपेई की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया तत्पश्चात उनके जीवन काल पर विस्तार से चर्चा करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधाकर शुक्ला बबलू विंद कलट्ट र गुप्ता दुबराज भारतीय दिनेश तिवारी काजू अमले पांडेय विनय शुक्ला रवि शुक्ला राहुल मिश्रा सोनू बंदना द्विवेदी ममता अनिल तिवारी भोला शुक्ला विजय श्याम तिवारी तथा बजरंगी विंद के अलावा कई अन्य लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### संत निरंकारी सत्संग कार्यक्रम का आयोजन बड़ी धूमधाम से मनाया गया



**मऊआइमा।** मऊआइमा विकास खण्ड के चौहान के पूरा में सन्त निरंकारी सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भंडारण का स्वाद भी भक्तों ने चखा। मऊआइमा के चौहान के पूरा में भव्य संत निरंकारी सत्संग कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किया गया। जिसमें कई जिलों के भक्तों ने हिस्सा लिए।इस अवसर पर गुरुओं ने इंसानियत का पाठ पढाते हुए सुकून से जीने का तरीका बताए।तथा मानव जीवन पर प्रकाश डाला गया।इस अवसर पर सोरांव की विधायिका गीता पासी, रानीगंज के विधायक आर के वर्मा तथा जोनल इंचार्ज ज्ञान प्रकाधर, अशोक सचदेवा,रवि साहू, इन्द्रकेश, अभयराज,मुखी धर्म राज, सुखदेव, क्षेत्रीय संचालक रोशन लाल भाटिया, विजय गौतम, रविशंकर, पंकज आदि ने भाग लिए।

### श्री ईश्वरदीन छेदीलाल स्मारक अन्तर जनपदीय क्रिकेट टूनार्मेंट में प्रयागराज ने बलिया को हराया



**जसरा।** श्री ईश्वरदीन छेदीलाल स्मारक क्रिकेट टूनार्मेंट के मैदान में अन्तर जनपदीय लेदर बाल क्रिकेट टूनार्मेंट के दूसरे दिन दो मैच खेला गया। पहला मैच प्रयागराज और बलिया के बीच खेला गया। प्रयागराज ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 121 रन बनाए।122 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बलिया ने 17 ओवर में 105 रन बनाकर ऑल आउट हो गई इस तरह से प्रयागराज ने यह मैच 16 रन से अपने नाम किया।मैच में प्रयागराज के अनुराग को उनके शानदार बॉलिंग के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं दूसरा मैच कौशांबी लायंस और जौनपुर के बीच खेला गया ।कौशांबी ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 14.2 ओवर में 91 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।92 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जौनपुर ने 12 ओवर में एक विकेट खोकर 95 रन बनाकर मैच को 9 विकेट से अपने नाम किया। मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले जितेंद्र यादव 16 रन पर 6 विकेट को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। कार्यक्रम के आयोजक अंकुर केसरवानी ने बताया कि बेसिक शिक्षक ळ20 टूनार्मेंट में 12 टीम में प्रतिभाग कर रही हैं । जिसमें प्रयागराज, बलिया, जौनपुर, कौशांबी, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, अलीगढ़, अयोध्या ,रायबरेली, सीतापुर आदि जिलों की टीम भाग ले रही हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विजय केसरवानी,ज्ञानेन्द्र पाठक,कुलभूषण मिश्र, रवीन्द्र सिंह,संकेत यादव, धर्मेंद्र कुशवाहा, सतीश केसरवानी, हिमांशु गौड़, आशीष, अकरम, विधायक प्रतिनिधि आलोक पाठक ,अमर नाथ गुप्त, अन्नू केसरवानी,नीशू केसरवानी आदि उपस्थित रहे।

# जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी पर गंभीर मंथन

## बामसेफ का राष्ट्रीय अधिवेशन का दूसरा दिन

अखंड भारत संदेश





**जारी।** दिन सोमवार को बामसेफ का राष्ट्रीय अधिवेशन दूसरे दिन भी जारी रहा, तीन सत्र चर्चा के लिए रखे गए, भारत का संविधान और लोकतंत्र के लाभार्थियों का कर्तव्य उद्घोष परिचर्चा से सामूहिक संकल्प की ओर विषय पर राकेश टम्टा,बी पी सिंह,आशिष जीवने, दयाराम, सुरेश द्रविड़ ने अपनी बातचीत रखी, वक्ताओं ने कहा कि आज पूरे देश को इस बात को सोचने की आवश्यकता है, भारत देश के लोगों ने लोकतंत्र और भारत के संविधान का लाभ उठाया है,इसकी सुरक्षा करना और इसको लगातार सुरक्षित रखना और लोगों के जीवन में लागू करना और करवाना हम सबका नैतिक दायित्व है। यह केवल कुछ जातियों का ही काम नहीं है, बल्कि समुचित समुदाय और नागरिकों की जिम्मेदारी है,देश की सरकारों को भी इसका पालन करना चाहिए ।और लोकतंत्र और संविधान वास्तव में लागू होता हुआ भी दिखाई देना चाहिए। यह केवल ऊपरी तौर पर ही नहीं बल्कि व्यवहारिक व वास्तविक रूप में भी हो,बहुजनों की शक्ति के पुनरुत्थान से ही होगा ।गैर बराबरी और ऊंच नीच पर आधारित व्यवस्था और दंभ का पटाक्षेप,इस विषय पर नैक्डोर के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक भारती, डॉ एम पाल, प्रोफेसर जी सिंह कश्यप, के तिलक कुमार,जन श्रीधर तथा डॉ संजय इंगोले ने भी संबोधित किया, जाति आधारित जनगणना की वायदाखिलाफी और सामान्य जनगणना टालने के षड़यंत्र का भंडाफोड़ विषय पर सरदार सुरेंद्र सिंह, डॉ उमेश पटेल, डॉ निर्मला चौधरी, चरणजीत पुआरी,नयनाला कृष्ण राव, डॉ शांति यादव,आर एल ध्रुव ने भी संबोधित किया। आर एल ध्रुव ने कहा कि जाति आधारित जनगणना आज समय की आवश्यकता है,जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी पर गंभीर मंथन किया गया,अशोक भारती ने कहा कि आने वाला समय किसानों-खेत मजदूरों के लिए बहुत बुरा होगा,सरकार इन वर्गों के खिलाफ काम कर रही है, मौजूदा सरकार गैर संवैधानिक कार्यों को करने के लिए अन्य राजनीतिक दलों पर दबाव बना रही है,जिससे देश में भय का माहौल पैदा हो रहा है। संविधान ने दिशानिर्देशों के माध्यम से सरकार को कुछ जिम्मेदारियाँ दी हैं। दयाराम ने कहा सरकार संविधान विरोधी रुख अपना रही है, उन्होंने आगे कहा कि सरकार आदिवासी, किसानों की जमीनें जबरदस्ती छीनकर अडानी-अंबानी पूंजीपतियों को बेच रही है. संवैधानिक संघर्ष किसी वर्ग समूह का नहीं है बल्कि यह देश की सम्पूर्ण जनता का है। डॉ संजय इंगोले ने आज प्रैस को जानकारी देते हुए बताया कि अधिवेशन में छह जागरूकता सत्र, चार प्रतिनिधि सत्र और एक समापन सत्र का आयोजन किया गया है। इन सत्रों में देश के प्रतिष्ठित विद्वान मार्गदर्शन करेंगे। इस सम्मेलन में देश के 250 जिलों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। हिम्मत वैध ने कहा कि बुद्धिजीवियों की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि वे अपने समाज के पिछड़े लोगों के विकास के लिए प्रयास करें, यह हमारे लिए गर्व और गौरव की बात है कि बामसेफ के प्रशिक्षित कार्यकर्ता उस दिशा में काम कर रहे थे। बामसेफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन गणोरकर ने कहा कि बामसेफ देश का एकमात्र संगठन है जो मानवता और इंसानियत के लिए संघर्ष करने वाले महापुरुषों का ध्यान आकर्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है। गनोरकर ने आगे कहा कि मंडल कमीशन को लागू करने के लिए बामसेफ ने पूरे देश में आंदोलन किया था और 10000 से अधिक संगोष्ठियां आयोजित की थी, उस समय अनेक ओबीसी लोगों ने अज्ञानतावश मंडल आयोग का विरोध किया। आज वही ओबीसी अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो चुका है. बामसेफ ने समाज को कई मुद्दे दिये हैं,जिनको आज कई राजनैतिक दलों ने भी अपना लिया है, इनमें निजीकरण, जाति आधारित जनगणना, शिक्षा का निजीकरण अहम मुद्दे हैं. कई पार्टी-संगठन इन्हीं मुद्दों के आधार पर काम कर रहे हैं. हालाँकि यह एक सकारात्मक बात है, लेकिन इन संगठनों ने फुले-अम्बेडकर विचारधारा को स्वीकार नहीं किया है। इसके विपरीत विषमतावादी विचारधारा के वाहक बन गए हैं। यदि इस स्थिति को बदलना है, तो इन लोगों में वैचारिक परिवर्तन करना होगा। बामसेफ हमेशा से इसके लिए प्रयासरत हैं। अधिवेशन में अखिल भारतीय जाट आरक्षण संघर्ष समिति के राष्ट्रीय संयोजक अशोक बल्हारा, प्रदीप बनसोडे, प्रो. प्रभाकर निसर्गंध, धनंजय झाकर्डे, संधीर बौद्ध, रमाशंकर राम, शर्मिष्ठा गौतम, हेमराज सिंह पटेल, सुदाम गजभिए, हरवंश पटेल, शत्रुजीत सिंह, डॉ उमेश पटेल, रमाकांत ठाकुर, ललित कुमार, राकेश कुमार, सुनीता कपरवाल, दिनेश टम्टा, आर के विधार्थी, संजय मोहिते आदि उपस्थित थे।

# समेकित शिक्षा के अंतर्गत नोडल शिक्षकों का प्रशिक्षण संपन्न

### 19 से 23 दिसंबर 2023 तक प्रथम बैच के पांच दिवसीय प्रशिक्षण में कुल 55 नोडल शिक्षकों ने लिया प्रशिक्षण




**मेजा।** ब्लॉक संसाधन केंद्र (बीआरसी), उरुवा में मा.उच्चतम न्यायालय के आदेशों के क्रम में एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज के निदेर्शानुसार समग्र शिक्षा अभियान (समेकित शिक्षा) योजनांतर्गत 19 दिसंबर से 23 दिसंबर 2023 तक पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। जिसमें ब्लॉक के परिषदीय विद्यालयों के कुल 55 नोडल शिक्षकों ने प्रथम बैच में प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण दो बैचों में दिया गया,जिसके प्रथम बैच में 28 शिक्षक व द्वितीय बैच में 27 शिक्षकों ने प्रशिक्षण लिया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन उरुवा ब्लॉक के प्रभारी खंड शिक्षा अधिकारी कैलाश सिंह ने कहा कि मा.उच्च न्यायालय के आदेशों के क्रम में दिव्याग बच्चों की समावेसी शिक्षा हेतु यह प्रशिक्षण शुरू किया गया है। ताकि सभी नोडल टीचर प्रशिक्षित होकर अपने विद्यालय के सभी दिव्यांग बच्चों को प्रशिक्षित करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि सामान्य बच्चों के साथ दिव्यांग बच्चों को भी सिखाने में नोडल टीचर की महत्वपूर्ण भूमिका होनी चाहिए। समवेसी शिक्षा में जो आपके विद्यालय में दिव्यांग बच्चें नामांकित है,उनको शिक्षा देने के लिए आप लोग को पांच दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया है। आप सब सामान्य बच्चों की भांति दिव्यांग बच्चों को भी शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ सके। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर संतोष मिश्रा एवं अमरेश यादव द्वारा शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान ब्लॉक के प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष विनोद शुक्ला, मंत्री संदीप पांडेय, चित्रा शुक्ला, रीता मिश्रा, रामेश्वर यादव व शिवचरण सहित कुल 55 नोडल शिक्षक उपस्थित रहे। प्रशिक्षण बीआरसी उरुवा के प्रभारी रोहित त्रिपाठी की देखरेख में सम्पन्न हुआ।

## न्यूज झरोखा

### अटल बिहारी वाजपेई जी का जन्मदिन मनाया गया



**नैनी।** नैनी भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं के द्वारा सुनील कुशवाहा के निवास स्थान उत्तरी लोकपुर में अटल बिहारी वाजपेई जी का जन्मदिन कार्यकताओं ने मनाया इस अवसर पर वरिष्ठ पार्षद मयंक यादव जिला उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव भाजपा कर समिति सदस्य नितिन केसरवानी बबलू सुनील कुशवाहा नैनी मंडल अध्यक्ष नीरज शर्मा महामंत्री उमेश सेन दिव्यांग प्रकोष्ठ महानगर संजय सुनील विश्वकर्मा नित्यानंद मिश्रा सेक्टर प्रभारी भारतीय जनता पार्टी प्रदीप तिवारी रमेश पटेल संजू विश्वकर्मा धर्मराज पटेल बाबूजी यादव भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं ने मनाया जन्मदिन मिठाई बांट कर विकास पुरुष के रूप में जन्मदिन को मनाया।

### श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा गृह संपर्क अभियान जारी



**झूंसी।** श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा गृह संपर्क अभियान समिति प्रतिष्ठान पूरी नगर द्वारा झूंसी में सोमवार को श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा गृह संपर्क शोभा यात्रा निकाली गयी। नगर भ्रमण के बाद यात्रा को पुलिस बूथ के पास से रवाना किया गया। श्रीराम जन्म भूमि अयोध्या से अक्षत कलश रविवार को झूंसी पहुंचा। सोमवार को गृह सम्पर्क शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान लोगों से आवाहन किया गया की राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन लोग अपने-अपने गांव, कॉलोनी, मोहल्ले में स्थित मंदिरों में सुंदरकांड का पाठ करे। घर मे दीपोत्सव का आयोजन करे। यात्रा में नगर संघचालक रविशंकर, नगर कार्यवाह राजेश, बौद्धिक प्रमुख सुधेंद्र , पार्षद कोहना अनिल यादव धुन्नू, पार्षद शिवनारायण घुंनु यादव, रुद्रेश ,अजय , चंद्रप्रकाश , अनिरुद्ध, विवेक ,संजय , रमेश कमलेश , धीरज , डॉ भरत, अनिल पांडे, श्याम बिहारी के साथ नगर की मात्र शक्ति, व्यापारी, सहित प्रबुद्ध भजन यात्रा में शामिल रहे।

### न्यू टाऊन हाल स्कूल के क्रिसमस मेले में बच्चों ने की खूब मस्ती

**झूंसी।** अन्दावा स्थित न्यू टाऊन हाल पब्लिक स्कूल एंड कालेज में सोमवार को क्रिसमस मेले का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों के साथ उनके अभिभावक भी पहुंचे थे। क्रिसमस मेले में यीशु दरबार की मनमोहक झांकी सजाई गई थी खाने-पीने के साथ खिलौना की भी दुकान लगी हुई थी। झूले वह अन्य खेलों का आयोजन किया गया था बच्चों ने मेले में खूब मस्ती की साथ खिलौने की खरीदारी भी की। इस मौके पे प्रधानाध्यापिका शालिनी श्रीवास्तव, प्रबंधक रोमिला रस्तोगी, विकास केलकर, रुझान रस्तोगी, विकास पुराणिक आदी मौजूद रहे।

### स्कूल के बच्चों ने मेले में लगाए विभिन्न व्यंजनों के स्टाल



**मेजा।** सोमवार को एसजीटी पब्लिक स्कूल मेंडरा में बाल मेला आयोजित किया गया। इसमें बच्चों ने स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टाल लगाए। मुख्य अतिथि भाजपा नेता वरिष्ठ अधिवक्ता कमलेश मिश्र व एडीओ(समाज) सुशांतु पांडेय ने फीता काटकर मेले का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इसमें बच्चों को मनोरंजन के साथ ही व्यवसाय का अनुभव होता है। बच्चे व अभिभावकों ने व्यंजनों का आनंद लिया। संस्था के प्राचार्य पवन तिवारी ने आगंतुकों का स्वागत कर आभार व्यक्त किया ।बाल मेले के समय विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित होकर सहयोग प्रदान किया।



## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की हुई मौत, एक गंभीर

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के सौरा गांव के पुलिया पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई ।वही एक साथी गंभीर रूप से घायल हो गया ।पुलिस ने घायल को इलाज के लिए निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। बताते चले कि सौरा गांव के पुलिया पर टिटीमपुर सिठौली गांव निवासी धीरज कुमार पुत्र राम प्रवेश यादव 28 वर्ष व नीरज यादव 32 वर्ष पुत्र दया शंकर यादव जो रविवार को बगई थाना सराय इनायत में दवा लेने गया था। वह देर शाम घर वापस आ रहा था। बाइक नीरज चला रहा था। जैसे ही समय लगभग 11बजे के करीब सौरा गांव के एक नाला पुलिया के पास पहुंचा ही था की अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी ।जिसमे धीरज कुमार बाइक समेत नाले मे जा गिरा ।जिससे उसे सिर मे गहरी चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गयी ।वही दूसरा साथी नीरज यादव गंभीर रूप से घायल हो गया ।पुलिस घायल को एक निजी अस्पताल मे इलाज के लिए भर्ती कराया। घटना की जानकारी मिलने पर आनन फानन में मौके पर पहुचे परिजनों ने शव को लेकर घर पहुचे। उतरांव पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।मृतक धीरज कुमार एक किसान था जो खेती किसानी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। धीरज चार भाईयो में सबसे बड़ा था। मृतक धीरज यादव के दो बेटियां लाजो 5 वर्ष व गुंजन 3 वर्ष,है। घटना से माता सोमारी देवी व पत्नी सुषमा देवी समेत परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल है।

# पुख्ता पैरवी से अपराध पर शिकंजा, 245 को दिलाई सजा, शातिर अपराधियों को कर रहे चिन्हित

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** अतीक अहमद ने पहला अपराध 1979 में किया। इसके बाद लगातार 43 सालों तक वह वारदातें करता रहा, लेकिन उसे एक भी मुकदमे में सजा नहीं हुई। उसके खिलाफ दर्ज मुकदमों में प्रभावी पैरवी न होना इसकी सबसे बड़ी वजह रही। फिलहाल अतीक के खात्मे के बाद अब कोई दूसरा माफिया न पनपे, इसके लिए कमिश्नरेट पुलिस अभियोजन से अपराध पर शिकंजा कसने में जुटी हुई है। इसके तहत पिछले छह महीनों में 193 गंभीर मामलों में 245 अपराधियों को सजा दिलाई जा चुकी है ।पुलिस अफसरों का मानना है कि अपराध पर शिकंजा महज एफआईआर और गिरफ्तारी से संभव नहीं है। यह भी जरूरी है कि दोषियों को सजा दिलाई जाए। सुनिश्चित किया जाए कि अपराध करने वाले सलाखों के पीछे ही रहें। इसी के तहत अभियोजन से अपराध पर शिकंजा अभियान शुरू किया गया। इसमें सबसे पहले गंभीर मुकदमों को चिह्नित किया गया। इनमें हत्या, दुष्कर्म, लूट, पॉक्सो, गोवध, लव जिहाद व फिरौती के लिए अपहरण के मामले शामिल रहे। तीनों जोन को मिलाकर कुल 370 ऐसे मामले चिह्नित किए गए, जिनमें अभियुक्तों को अधिकतम सजा दिलाने का लक्ष्य रखा गया ।जुलाई से लेकर अब तक इनमें से 193 अभियोगों में अभियुक्तों पर दोषसिद्ध कराया जा चुका है। इन मामलों में कुल 245 लोगों को सजा दिलवाई गई। छह महीने में ही लगभग 200 मामलों में 200 से ज्यादा अभियुक्तों को दोष सिद्ध कराना प्रयागराज कमिश्नरेट पुलिस की बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। इसके लिए लखनऊ स्थित मुख्यालय के अफसरों ने पुलिस आयुक्त रमित शर्मा को प्रमाणपत्र प्रदान करने का निर्णय भी लिया है।

### ऐसे बदली व्यवस्था, दिखने लगा परिणाम

एडीसीपी अपराध सतीश चंद्र ने बताया कि प्रभावी अभियोजन के लिए तमाम पहल की गईं। इसके लिए मॉनिटरिंग सेल का गठन हुआ। सेल के सदस्य यह सुनिश्चित करते हैं कि चिह्नित मुकदमों में प्रभावी पैरवी में कोई कमी न रह जाए। चिह्नित मुकदमों की नियमित रूप से मॉनिटरिंग होती है और सेल के कर्मचारी सुनवाई की तिथि आते ही संबंधित थाने को सूचित करते हैं। यही नहीं सेल में तैनात कर्मचारी यह भी पता लगाते हैं कि संबंधित कोर्ट में पैरवी की गई या नहीं। गवाही होनी है तो गवाह हाजिर हुआ या नहीं। इससे थाना पुलिस भी पैरवी को लेकर अलर्ट रहती है।

### अस्पताल के संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज होते ही क्षेत्र से झोला छाप डॉक्टर फरार

**मऊआइमा।** प्रसूता की मौत पर निजि अस्पताल के संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज होते ही क्षेत्र से झोला छाप डॉक्टर और प्राइवेट अस्पतालों के संचालक बंद कर फरार हो गए हैं। बता दें कि मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर के दमोदर का पुरवा निवासी जया देवी 32 वर्ष पत्नी धर्मेन्द्र कुमार प्रसव पीड़िता से परेशान थी ।जिसे गांव के ही एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोप है कि फर्जी डिग्री याफ़्ता, झोला छाप डॉक्टर ने जर्राहही ढंग से आपरेशन कर प्रसूता को मार डाला ।जिसे लेकर जमकर ग्रामीणों ने बवाल काटा था। बाद में मृतका के पति धर्मेन्द्र कुमार ने श्री साईं मेडी केयर सेंटर एंड हास्पिटल के संचालक राम कुमार यादव तथा अज्ञात स्टाप के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज करा दिया ।बताते हैं कि मुकदमा दर्ज होते ही अस्पताल के संचालक सहित क्षेत्र अनेकों झोलाछाप डॉक्टर और फर्जी रजिस्ट्रेशन से नकली अस्पताल के संचालक अस्पतालों का बोर्ड हटा कर फरार हो गए हैं ।सी एम ओ कार्यालय द्वारा बताया गया है कि जांच टीम गठित हो गई है। उधर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ राम गोपाल वर्मा ने कहा कि वह भी नकली डाक्टरों की रिपोर्ट सीएमओ कार्यालय को भेज चुके हैं।

# महिला राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में प्रयागराज मंडल टीम का चयन


अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय के तत्वाधान में आगामी 25 से 28 दिसंबर तक जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम जौनपुर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभा करने के लिए मदन मोहन मालवीय स्पोर्ट्स स्टेडियम प्रयागराज में चैन ट्रायल का आयोजन किया गया था इसमें क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी प्रयागराज द्वारा चयन ट्रायल का आयोजन किया गया था जिसमें प्रयागराज जिले के अतिरिक्त कौशांबी फतेहपुर व प्रतापगढ़ जिले के खिलाड़ियों ने प्रतिभा किया चैन उपरांत निम्नलिखित खिलाड़ियों का चयन किया गया अंशिका सिंह कप्तान विधि राव चंद पांडे अंजलि धुरिया सानिया शर्मा वैष्णवी दीक्षित मरियम समीम सना रुस्तम फिजा राइस काजल कुमारी सभी जनपद प्रयागराज से आराध्या त्रिपाठी जनपद प्रतापगढ़ से मानसी कुमारी जनपद कौशांबी से तथा आरक्षित खिलाड़ियों में ममता शर्मा निधि पांडे रोशनी सागर सुहानी यादव का चयन किया गया है उक्त टीम प्रतिभा करने हेतु जनपद जौनपुर के लिए रवाना हो चुकी है टीम के चयन पर क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विमला सिंह व उपक्रीड़ा देवी प्रसाद क्षेत्रीय खेल कार्यालय मदन मोहन मालवीय स्टेडियम प्रयागराज व प्रयागराज हैंडबॉल संघ के सचिन कौशल कुमार दीक्षित व पदाधिकारी बी एन दीक्षित योगराज मिश्रा दिनेश कुमार मिश्रा गोविंद कुमार निषाद विनय पांडे सचिन अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अनुपम सिंह राजन पांडे विनय मिश्र निलेश गुप्ता वैभव दिक्षित मयंक दीक्षित ने हार्दिक बधाई दी।

## अपंजीकृत वसीयत निरस्त कर तहसीलदार कोर्ट ने किया मृतक के नाम फैसला

### अगस्त 2004 के पूर्व पंजीकृत वसीयत की बाध्यता नहीं, 2002 की वसीयत के आधार पर दर्ज नामांतरण आदेश किया रद्द



**पसना।** जिला मुख्यालय से सुदूर दक्षिण में स्थित तहसील कोरांव की तहसीलदार कोर्ट ने पिछले महीने एक मुकदमें में अजीबोगरीब फैसला दिया है ।ज्ञातव्य हो कि तहसील क्षेत्र के पंवारी गांव निवासी चंद्रमा प्रसाद पुत्र इंद्रमणि ने बताया कि मृतका शुक्रवारिया ने सितंबर 2002 में मेरे नाम अपंजीकृत वसीयत किया था। शुक्रवरिया की मृत्योपरांत 2003में वरासत के आधार पर सूर्यमणि पुत्र हनुमान का नाम खतौनी पर दर्ज हो गया ।चंद्रमा प्रसाद द्वारा दाखिल वाद 10मार्च 2003 मे पारित आदेश दिनांक 17 मार्च 2005के क्रम में वरासत के आधार पर दर्ज सूर्यमणि का नाम निरस्त कर वादी चंद्रमा प्रसाद का नाम बतौर भूस्वामी दर्ज किया गया ।वादी तत्समय से ही उक्त भूसंपत्ति पर काबिज दाखिल है ।दस वर्ष बाद सन् 2015 में श्याम कुमारी निवासी अरुआरी द्वारा शासनादेश दिनांक 23 अगस्त 2004 के आधार पर उक्त नामांतरण आदेश के विरुद्ध स्थगनादेश प्राप्त कर लिया ।जबकि चंद्रमा प्रसाद ने उक्त शासनादेश के पूर्व ही अपंजीकृत वसीयत के आधार पर नामांतरण का वाद दाखिल किया था ।इसके बावजूद तहसीलदार कोर्ट ने वाद में उक्त शासनादेश को ही आधार मानकर वाद का फैसला चंद्रमा प्रसाद के विरुद्ध करते हुए जमीन मृत व्यक्ति सूर्यमणि के नाम खतौनी में दर्ज करने का आदेश पारित कर दिया,जो विधिवेत्ताओं की समझ से परे है।

### एक किलो गांजा के साथ एक युवक को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**मऊआइमा।** मऊआइमा पुलिस ने मुखबिर खास की सूचना पर एक युवक को गिरफ्तार कर एक किलो सौ ग्राम गांजा बरामद कर लिखापढ़ी कर के जेल भेज दिया। मऊआइमा पुलिस ने मुखबिर खास की सूचना पर कस्बा नगर पंचायत के मोहल्ला पूरे मियां जी निवासी मोहम्मद दानिश पुत्र मोहम्मद सईद को क्षेत्र के पक्का तालाब के पास एक किलो सौ ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार कर लिखापढ़ी कर के जेल भेज दिया।

**उद्घाटन मैच में साक्षी हॉस्पिटल स्पोर्टिंग क्लब ने मारी बाजी :**

**मऊआइमा।** विकास खण्ड के सकरामऊ (हरिसेनगंज) स्थित अरविंद घोष से खेल मैदान में एजीसीएस टी 20 लेदर क्रिकेट टूनार्मेंट का शुभारंभ हुआ। मालूम हो कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मऊआइमा के हरिसेनगंज सकरामऊ स्थित अरविंद घोष इंटर कॉलेज के बगल खेल मैदान में एजीसीएस टी 20 लेदर क्रिकेट कप टूनार्मेंट का शुभारंभ किया गया ।जिस मे मुख्य अतिथि संजय खत्री व आशिक अली द्वारा फीता काट कर शुरू किया गया। साक्षी हॉस्पिटल स्पोर्टिंग क्लब नहर ददौली व रॉयल स्पोर्टिंग क्लब का के बीच खेला गया । जिसमे साक्षी हॉस्पिटल स्पोर्टिंग क्लब ने निर्धारित 20 ओवर में 147 रन बनाया। जबकि जबाब में रॉयल स्पोर्टिंग क्लब ने 15 ओवर में 53 रन बनाकर रन आउट हों गईं। जिसमे मैन ऑफ द मैच सिद्धार्थ को दिया गया। इस मौके पर स्कोरर रोहित व सुरेश ,अंपायर राम प्रजापति व राम कैलाश कंमेट्री कमलेश पटेल व कार्यक्रम आयोजक सुनील पटेल मौजूद रहे।

## नैनी जेल से हरियाणा जा रही बंदियों की वैन हाईवे पर पलटी



**प्रयागराज।** यूपी के इटावा स्थित इकदिल थाना क्षेत्र के आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे पर सराय जलाल ओवरब्रिज पर रविवार सुबह पुलिस की वैन हाईवे पर पलट गई। जम्मू-कश्मीर पुलिस टीम के 10 जवान तीन बंदियों को लेकर प्रयागराज की नैनी जेल से हरियाणा की तरफ जा रहे थे। तभी वैन का एक्सल टूट गया। हादसे में पुलिस कर्मियों के साथ बंदी बाल-बाल बच गए ।प्रयागराज के नैनी सेंट्रल जेल से जम्मू-कश्मीर पुलिस तीन बंदियों को लेकर हरियाणा के लिए निकली थी। कड़ी सुरक्षा के बीच बंदियों को लेकर जा रहे पुलिस वैन का अचानक एक्सल टूट गया और स्टीयरिंग फेल होने से वैन अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर हाईवे पर पलटकर क्षतिग्रस्त हो गई ।वैन में सवार जवान व बंदी उसमें फंस गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मशक्कत कर वैन में फंसे बंदी और जवानों को सुरक्षित बाहर निकाला और हाईवे पर पलटी वैन को क्रेन की मदद से उठा कर यातायात सामान्य कराया। थाना प्रभारी अमित कुमार मिश्रा ने बताया कि जम्मू-कश्मीर पुलिस बंदियों को लेकर हरियाणा जा रही थी। यहां से एक कैदी को पुलवामा जाना था, तभी उनकी वैन का एक्सेल टूटने से हादसा हो गया। पुलिस लाइन से सरकारी वाहन मंगवाकर सभी पुलिस कर्मियों और तीनों बंदियों को हरियाणा के लिए रवाना किया गया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत असरवई वि. ख. जसरा, प्रयागराज

### अल्पकालीन निविदा

पत्रांकः मेमो/एस.एल. डब्ल्यू. एम./राज्य वित्त/2023-24 दिनांक : 14.12.2023

ग्राम पंचायत असरवई में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण (फेज-2) अन्तर्गत एस.एल. डब्ल्यू. एम. /केन्द्रीय/राज्य वित्त मनरेगा की धनराशि से पूर्व वर्ष 2023-24 में प्रस्तावित निम्नलिखित कार्यों में कार्य करान हेतु पंजीकृत निविदा दाताओं से दिनांक 15.12.2023 से 30.12.2023 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा आमंत्रित की जाती है। दिनांक 31.12.2023 को सायं 4 बजे निविदा दाताओं की उपस्थिति में निविदा खोली जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | कार्य की माप | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा मूल्य रू. में | निर्माण कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सामुदायिक एवं संस्थागत खादगड्ढा/कम्पोस्ट पिट | 18 नग | 40050 | 500 | 3 माह |
| 2. | सामुदायिक नाडेप/कम्पोस्ट पिट | 2 नग | 50200 | 500 | 3 माह |
| 3. | सामुदायिक वर्मी कम्पोस्ट | – | – | – | – |
| 4. | कचरा वाहन ई (रिक्शा) | 1 नग | 160000 | 500 | 3 माह |
| 5. | स्वीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन हेतु (ISWNC) | 1 नग | 551875 | 500 | 3 माह |
| 6. | सामुदायिक एवं संस्थाओं हेतु सोकपिट | 3 नग | 44950 | 500 | 3 माह |
| 7. | फिल्टर चैम्बर (तालाबों/जलाशय पर) | – | – | – | – |
| 8. | हैण्डपम्प पर सोकपिट | 7 नग | 104650 | 500 | 3 माह |
| 9. | व्यक्तिगत खाद गड्ढा | – | – | – | – |
| 10. | साईकिल रिक्शा/कचरा वाहन | – | – | – | – |
| 11. | स्वच्छता किट | – | – | – | – |
| 12. | सामुदायिक संस्थागत एन्सीनेटर (भस्मक) | 1 नग | 15000 | 500 | 3 माह |
| 13. | संस्थागत सोकपिट | – | – | – | – |

सामान्य शर्तेः- 1. कार्य की सम्पूर्ण जानकारी किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से ली जा सकती है। 2. निविदा दाता/कोटेशन दाता को समग्र रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र जी0एस0टी0 नम्बर के साथ रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र निविदा कोटेशन के साथ संलग्न करना होगा। 3. निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय में 15.09.2023 तक पूर्वाह्न 12 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं। 4. किसी निविदा/कोटेशन को निरस्त करने का सर्वाधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा। 5. सभी कार्यो के लिए अलग-अलग निविदा/कोटेशन स्वीकार्य की जायेगी। 6. सशर्त निविदा स्वीकार नही होगी।
नोट-निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय असरवई से प्राप्त की जा सकती है एवं ग्राम पंचायत कार्यलय असरवई में समस्त निविदाएं भी खोली जायेगी।

पीताम्बर लाल बिन्द
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत असरवई
वि. ख. जसरा, प्रयागराज

बृजेन्द्र सिंह
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत असरवई
वि. ख. जसरा, प्रयागराज।

# भाजपाइयों ने मनाई अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती

### काव्य संगोष्ठी कर दी गई श्रद्धांजलि

**अखंड भारत संदेश**



काव्य संगोष्ठी में मौजूद भाजपाई।

**प्रतापगढ़।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री पंडित अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती पर भारतीय जनता पार्टी प्रतापगढ़ ने जिला अध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में काव्य संगोष्ठी का आयोजन अटल पार्क, बाबागंज में उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया गया।

श्रद्धेय पंडित अटल बिहारी वाजपेई को याद करते हुए जिला अध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी भारत के तीन बार के प्रधानमन्त्री थे। वे पहले 16 मई से 1 जून 1996 तक, तथा फिर 1998 में और फिर 19 मार्च 1999 से 22 मई 2004 तक भारत के प्रधानमन्त्री रहे। वे हिन्दी कवि, पत्रकार व एक प्रखर वक्ता थे। किसान मोर्चा काशी क्षेत्र अध्यक्ष काशीनाथ तिवारी ने बताया कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई चार दशकों से भारतीय संसद के सदस्य थे। सांसद संगमलाल गुप्ता ने अटल जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश में आगरा जनपद के प्राचीन स्थान बटेश्वर के मूल निवासी पण्डित कृष्ण बिहारी वाजपेयी मध्य प्रदेश की ग्वालियर रियासत में अध्यापक थे। कानपुर के डीएवी कॉलेज से राजनीति शास्त्र में एम०ए० की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। उसके बाद उन्होंने अपने पिताजी के साथ-साथ कानपुर में ही एल०एल०बी० की पढ़ाई भी प्रारम्भ की। सदर विधायक राजेन्द्र कुमार मौर्य ने उनके राजनीतिक जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वह भारतीय जनसंघ की स्थापना करने वालों में से एक थे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से निवर्तमान अध्यक्ष हरिओम मिश्र, वकील परिषद अध्यक्ष निराला, पूर्व जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी, पंडित राम सेवक त्रिपाठी, जिला महामंत्री पवन गौतम, पूर्व महामंत्री अशोक मिश्र, किसान मोर्चा अध्यक्ष विजय मिश्र, जिला प्रवक्ता राघवेंद्र शुक्ल, रामजी मिश्र,पंकज मिश्र, साधू दुबे रवि गुप्ता, नितिन केशेवनी, राम आसरे पाल, सुदीप पाण्डेय, अभय सिंह, कवि शीतला प्रसाद सुजान जी, राम मूर्ति सिंह, अनूप अनुपम, सौरभ, चंद्रकांत त्रिपाठी, व्योम जी, पंकज सिंह, रमा मिश्रा, मंजू, सारिका श्रीवास्तव, रजत सक्सेना, पंकज मिश्र, अजय सिंह देवराज ओझा, मृदुल गुप्ता सचिन, पंकज सिंह आदि लोग उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला सह मीडिया प्रभारी देवेश त्रिपाठी ने दी।

# मदन मोहन मालवीय का कांग्रेसियों ने मनाया जन्मदिन

### इंदिरा भवन पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**



मदन मोहन मालवीय का जन्मदिन मनाते कांग्रेसी।

**प्रतापगढ़।** शिक्षा जगत के पुरोधा पं0 मदन मोहन मालवीय का जन्मदिन आज यहां जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन पर जिला अध्यक्ष डॉ0 लालजी त्रिपाठी की अध्यक्षता में मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष इरफान अली ने किया।

अवसर पर अध्यक्ष पद से बोलते हुए जिला अध्यक्ष डॉ0 लालजी त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षा जगत में मालवीय जी के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। उन्होंने बनारस हिन्दू विश्व विद्यालय की स्थापना कर एक मिशाल कायम की है। आज इस विश्वविद्यालय में देश/विदेश के हजारों छात्र विभिन्न विषयों में शिक्षार्जन के साथ ही शोध कार्य भी कर रहे हैं। नगर अध्यक्ष इरफान अली ने कहा कि मालवीय जी ने देश को एक ऐसी निधि दी है जिसकी दुनिया में कोई मिसाल नहीं है।

पंडित जी की त्याग-तपस्या का ही नतीजा है कि उन्होंने संस्थान बनाकर देश के युवाओं को एक रास्ता दिखाने का काम किया है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा0वी0के0सिंह ने कहा कि हम सभी को गौरवान्वित होना चाहिए। आज उनके जन्मदिन पर उपस्थित कांग्रेसजनों नें उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके योगदान को याद किया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, मो0इश्तियाक, उत्सव भूषण पाल, अश्वनी उपाध्याय, मो0 जावेद, बेलाल अहमद, जयकरण, फतेह बहादुर सिंह, अजय मौर्य, जयचंद, दानिश माबूद सहित अनेक कांग्रेसजन मौजूद रहे।


प्रतिभा खोज परीक्षा देती परीक्षार्थी।

# मित्र परिषद इलाहाबाद द्वारा संचालित प्रतिभा खोज परीक्षा सम्पन्न

### प्रतिभा खोज परीक्षा मे 300 छात्रों ने भाग लिया

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास खण्ड कालकांकर के अंतर्गत शत्रुघ्न प्रसाद मौर्य स्मारक जूनियर हाईस्कूल पूरे धनऊ परियावाँ कालाकांकर कुंडा प्रतापगढ में सोमवार को मित्र परिषद प्रयागराज द्वारा वर्ष 2023 की प्रतिभा खोज परीक्षा आयोजित की गयी जिसमें प्राइमरी से लेकर स्नातक तक के लगभग 300 बालक एव बालिकाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए विद्यालय के केंद्र व्यस्थापक डॉ जयप्रकाश मौर्य, प्रधानाध्यापक सुखईराम पटेल, संरक्षक-राम प्यारे, प्रबंधक कुंवर बहादुर मौर्य, शिक्षकगण मे हरिश्चंद्र, शिवम सरोज, लक्ष्मी देवी, सोफिया, राजेश मौर्य, अनिल मौर्य, शिवजी, अर्जुन यादव, अश्वनी कुमार, सुजीत कुमार आदि लोगो ने परीक्षा संपन्न कराई।

# महासत्याग्रह कर ग्रामीणों ने सरकार से सड़क पुनरोद्धार की मांग

### 31 दिसंबर को बुद्धि शुद्धि यज्ञ के साथ होगा सत्याग्रह

**अखंड भारत संदेश**


महासत्याग्रह कर सड़क पुनरोद्धार की मांग करते ग्रामीण।

**प्रतापगढ़।** एक तरफ विकसित भारत की संकल्पना को मूर्त रूप देने के लिए सरकारे विकास का दंभ भरती नजर आ रही है वहीं कटरा गुलाब सिंह नगर पंचायत मे कानूपुर होकर जिला मुख्यालय जाने वाली सबसे महत्व पूर्ण सड़क के लिए ग्रामीणों को धरना और सत्याग्रह के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

सरदार पटेल तिराहा पर सुबह से शाम तक क्षेत्रीय समाज के सैकडो ग्रामीणों ने महासत्याग्रह मे भागीदारी करके सरकार व जिलाधिकारी से व्यापक जनहित मे अविलंब सड़क निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने का आग्रह किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता समाज शेखर के मार्गदर्शन मे सामाजिक नेता लाल जी सिंह की अगुवाई मे महा सत्याग्रह में दिन भर सड़क की पीड़ा को लेकर ग्रामीण कवायद करते रहे। विधायक जीत लाल के सत्याग्रह मे न पहुँचने पर ग्रामीणों ने फोन कर खरी खोटी सुनाते हुए राजनीति न करने की सलाह दी। सत्याग्रह में सभासद एशोसियेशन के बैनर तले सभासदो व प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग कर सहयोग का संकल्प लिया। सत्याग्रहियो मे सर्व सम्मति से तय किया की सड़क का मार्ग प्रशस्त होने तक सत्याग्रह जारी रहेगा, जिसमे आगामी रविवार को 31 दिसंबर को बुद्धि शुद्धि यज्ञ के साथ होगा सत्याग्रह जारी रहेगा।

यज्ञ प्रबन्ध की जिम्मेदारी भय हरण नाथ धाम के संरक्षक देवी प्रसाद मिश्र व अध्यक्ष राज कुमार शुक्ल को दी गई। वहीं तय हुआ की प्रतिदिन गांव गांव में कार्यकर्ताओ व जागरूक नागरिको द्वारा मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी को आग्रह पत्र अभियान चलाया जायेगा। इस कार्य हेतु आर टी आई कार्यकर्ता राजीव मिश्र को जिम्मेदारी दी गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सभासदो प्रतिनिधि रिजवान अहमद, दीपक जायसवाल सहित प्रताप भारतबंशी, ज्ञान बहादुर सिंह, रमेश कुमार मिश्र गांधी, जल योद्धा, आर्य शेखर महेश्वरी पांडेय, जय प्रकाश मिश्र, आनंद सिंह सोमबंशी, राजा बाबू, तबरेज खान, अनिल कुमार राजू, कमलेश शर्मा, श्याम मिश्र, महेश सिंह, भीष्म सिंह, नीरज मिश्र, नंद लाल पटेल, आशीष कुमार सिंह, अजय कुमार अग्रहरि, ज्ञानेंद्र मिश्र व सुभाष चंद्र गुप्ता आदि ने अपने विचार व्यक्त किये।

# शौचालय निर्माण को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट कई घायल

### एक पक्ष से चार नामजद समेत पांच अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सोमवार की सुबह शौचालय निर्माण को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। दोनों पक्षों से कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एक पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद व पांच अज्ञात के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के रायपुर भगदरा निवासिनी नीलम सरोज ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि पुरानी रंजिश के चलते गांव के कमल सिंह, विजय सिंह, बबलू सिंह, दुर्गेश सिंह ने पांच अज्ञात साथियों के साथ मेरे दरवाजे पर आकर मारपीट करने लगे। उक्त लोगो ने मेरे ससुर राजाराम,पति वीरेंद्र सरोज को लाठी-डंडे से मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। गंभीर रूप से घायलों का इलाज ट्रामा सेंटर में चल रहा है।आरोप है कि प्रार्थिनी जब बचाने पहुंची तो उक्त लोगो ने उसके साथ भी मारपीट के साथ बदनीयती की।पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद के साथ ही पांच अज्ञात लोगों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई। दो दिन पूर्व भी उक्त लोगो के बीच विवाद हुआ था।मामले में पुलिस ने दोनो पक्ष पर विधिक कार्रवाई की थी।उधर विपक्ष का आरोप है कि उक्त लोग उनकी भूमि पर बाहरी लोगो की मदद से शौचालय का निर्माण करवा रहे थे।जिसका विरोध किया तो उक्त लोगो ने मारपीट शुरू कर दी। फिलहाल अभी दूसरे पक्ष की तरफ से कोई भी मामला दर्ज नही हुआ है।इस संबंध में पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# होली रोजरी चर्च में हर्षोल्लास मना प्रभु यीशु का जन्मदिन

### फादर गेग्रोरी डिसूजा ने लोगों को शांति का दिया संदेश

**अखंड भारत संदेश**


होजी रोजरी चर्च में प्रार्थना करते फादर।

**प्रतापगढ़।** दहिलामऊ स्थित होली रोजरी चर्च में क्रिसमस की पूर्व संध्या पर रात्रि 11:30 बजे प्रभु यीशु के जन्म के पर्व को ईसाई समुदाय के लोगों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया।

इस अवसर पर ईसाई समुदाय के लोग चर्च में एकत्र हुए जहां पर उन्होंने प्रभु येशु मसीह के जन्म की तैयारी प्रार्थना के साथ की और रात्रि 12 बजते ही प्रभु यीशु के जन्म का संदेश लोगों को दिया गया। प्रार्थना सभा के अंतर्गत फादर ग्रेगोरी डिसूजा ने लोगों को संदेश देते हुए कहा कि प्रभु यीशु का प्रत्येक संदेश एक दूसरे को प्रेम को लेकर के था वे चाहते थे कि मनुष्य मनुष्य से प्रेम करें जहां पर ईर्ष्या व विद्वेष की कोई भी भावना ना हो अतः हमें भी एक दूसरे और अपने पड़ोसी से प्रेम पूर्वक व्यवहार करना चाहिए और प्रभु के संदेशों पर चलना चाहिए। प्रार्थना सभा के अंत में लोगों ने प्रभु यीशु की नवजात को नमन किया और एक दूसरे को बधाई संदेश दिया।

इस अवसर पर फादर आनंद के वी जॉन, चंद्रा मेरी डिसूजा, रुडोल्फ जूलियस, एंथनी जूलियस, जोसेफ जूलियस, संगीता डिसूजा, निशांत डिसूजा, सिंथिया दास, नीरज एंडरसन, आशी, खुशी, जॉन कुजूर, अनामिका एल्बियन, पॉलिन डिसूजा, अर्चित बनर्जी, अजय एल्बियन, माइकल डिसूजा, अजय एवं डॉ0 प्रशोभ पॉल डिसूजा आदि उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री ने पूर्व मंत्री मोती सिंह के भाई के निधन पर जताया शोक

**प्रतापगढ़।** भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र प्रताप सिंह मोती पूर्व मंत्री के बड़े भाई प्रताप बहादुर सिंह के निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पत्र भेजकर दुख जताया। प्रताप बहादुर के निधन को मुख्यमंत्री ने परिवार के लिए अपूर्णीय क्षति बताते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति व परिजनों को इस अपार दुःख को के सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए प्रार्थना की। प्रताप बहादुर सिंह बड़े लाल रविवार को लगभग 2:30 बजे पीजीआई में अंतिम सांस ली, पार्थिव शरीर देर शाम घर पहुँचा तो श्रद्धांजलि देने वालों तांता लग गया और आज प्रयागराज के रसूलाबाद स्थित गंगा तट पर अंतिम संस्कार हुआ जिसमें पूर्व मंत्री मोती सिंह, उनके बेटे नंदन सिंह, नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा के लोग व अन्य लोग शामिल हुए।

# नहरों में पानी गायब कैसे हो गेहूं की सिचाई

### अरखा रजबहा व परियावा अदलाबाद अल्पिका मे पानी नदारद

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** एक तरफ प्रदेश की योगी सरकार किसानो को खेत की बुआई व सिचाई के लिए नहरों में समय-समय पर पानी देने के लिए सिचाई विभाग निर्देश दे रही है तो दूसरी तरफ सिचाई विभाग द्वारा ब्लाक कालाकांकर के अरखा रजबहा व परियावां अदलाबाद अल्पिका में किसानो की बोई गई गेहूं की फसल को 40 दिन बीत गये लेकिन अभी तक सिचाई विभाग ने नहर मे पानी नही छोड़ा जिसको लेकर किसानो मे अपनी मेहनत से बोई गई फसल आलू,गेहूं, मटर व चना को लेकर उनके माथे पर चिंता की लकीर दिखाई दे रही है। आक्रोशित किसानों का कहना है कि जब भी किसानो की फसल की बोआई व सिचाई का समय आता है तो विभाग कही नहर की सफाई करने लगता है या फिर नहरों मे ओवर फ्लो पानी छोड़ देता है जिससे किसानो की मेहनत से तैयार की गई फसल पर पानी फिर जाता है आक्रोशित किसानो ने सिचाई विभाग अधिशाषी अभियंता का ध्यान इस ओर आक्रस्ट कराया है। ताकि पानी की किल्लत से फसल बच सके।इस बाबत जानकारी करने पर सिचाई विभाग के जेई संजीत श्रीवास्तव ने बताया कि जल शाखा इलाहाबाद मे पानी की मात्रा कम होने के कारण नहरों मे पानी नही जा पा रहा है जल शाखा बड़ी नहर मे पानी छोड़े जाने के लिए प्रयास किया जा रहा है बड़ी नहर मे पानी की मात्रा बढ़ने पर नहरों मे पानी तुरंत भेजा जाएगा।

# समाजसेवी की मांग पर सदन में समस्याओं पर मुखर हुए जिपं सदस्य

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** दो दिन पहले प्रतापगढ़ जिला पंचायत की बैठक में आसपुर देवसरा तृतीय जिला पंचायत सदस्य विजय यादव ने मुखर होकर जन समस्याओं को उठाया। समाजसेवी संजय यादव ने इस संबंध में कई बार लिखित शिकायती पत्र जिला पंचायत सदस्य को दिया था। पट्टी क्षेत्र के आसपुर देवसरा विकासखंड के रमईपुर नेवादा गांव के रहने वाले संजय यादव जन समस्याओं के प्रति बहुत ही मुखर रहते हैं। बीच-बीच में वह समस्याओं के लिए जनप्रतिनिधियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों के लिए पत्र लिखते रहते हैं।

कुछ दिन पहले उन्होंने आसपुर देवसरा तृतीय के जिला पंचायत सदस्य विजय यादव को शिकायतों का निस्तारण के लिए पत्र लिखा था। जिसे सदन में बड़े ही मुखरता के साथ विजय यादव ने उठाया। जिला पंचायत की बैठक में शहीद स्थल रुर से अतरौरा गोदाम तक, तिवारीपुर गेट से फतेहपुर व रमईपुर होते हुए गोविंदपुर तक, भरोखन तिराहे से लाल का पुरवा तक, पट्टी रेड़ीगारापुर सड़क से यादव बस्ती तक, अमरगढ़ से भाटी नहर की पटरी, सदहा पावर हाउस तक अमरगढ़ राजा बाजार मार्ग रूर से नेवादा होते हुए लालगंज तक सड़क के संबंध में बहुत ही मुखरता के साथ आवाज उठाई गई जिस पर संजय यादव सहित गांव के अन्य लोगों ने जिला पंचायत सदस्य के इस कार्य की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद अर्पित किया है।

### नगर पंचायत वार्ड नंबर 2 में नाली की सफाई न होने से लोग परेशान

**पट्टी, प्रतापगढ़।** वैसे तो पट्टी नगर को आदर्श नगर पंचायत का दर्जा दिया गया है लेकिन वार्ड नंबर 2 की बजबजाती हुई नालियां यहां की हकीकत को बयां कर रही है, यहां पर नाली की साफ सफाई न होने से गंदगी का अंबार नाली में फैला हुआ है। यहीं से आसपास के लोग गुजरते हैं और सैकड़ो घर के लोग भी वार्ड में रहते हैं शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। नाली की सफाई न होने से जल निकासी नहीं हो पाती है स्थानीय लोग इस संबंध में कई बार जनप्रतिनिधिओ से बात करके थक गए हैं लेकिन उन्हें आश्वासन के सिवा कुछ और नहीं मिलता है। गंदगी से नाली पटी हुई है। बारिश के दिन में तो और भी दिक्कत हो जाती है अब देखना यह होगा कि आखिर कब नाली की सफाई होती है और कब लोगों को बजबजाती हुई नाली से निजात मिलता है।

# एमबीएस स्कूल में मंगल कलश यात्रा संपन्न

### 16वें गायत्री महायज्ञ का हुआ शुभारंभ

**अखंड भारत संदेश**


मंगल कलश लेकर जाती महिलाएं।

**प्रतापगढ़।** भुपियामऊ स्थित एमबीएस स्कूल में 16वें नव कुण्डीय विशाल गायत्री महायज्ञ एवं पावन श्रीरामचरित्र कथा का प्रारंभ मंगल कलश यात्रा से हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनमानस, विद्यालय के बच्चे एवं गायत्री परिवार की माताएं एवं बहनों सिर पर ने मंगल कलश धारण कर इस कड़ी का मंगल शंखनाद किया। शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में हो रहे इस महायज्ञ में विद्यालय के बच्चे विभिन्न प्रकार के प्रेरणाप्रद सद्वाक्यों जैसे हम बदलेगें-युग बदलेगा, 21वीं सदी नारी सदी, नारी का सम्मान जहाँ है, संस्कृत का उत्थान वहां है, नशा नाश की जड़ है भाई, इसका फल अतिशय दुखदायी आदि प्रेरणाप्रद सद्वाक्यों के उद्घोष के साथ पूरे क्षेत्र में गायत्री महामंत्र की गूंज रही। यह चार दिवसीय महायज्ञ 28 दिसम्बर की दीप महायज्ञ के साथ पूर्ण होगा। इस मंगल कलश यात्रा में गायत्री परिवार एवं क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्तियों जैसे भाजपा नेता रामसिंह, जिला पंचायत सदस्य प्रीती सिंह, डॉ. पवन सिंह, आलोक सिंह एडवोकेट, अयोध्या प्रसाद मिश्र, सांसद प्रतिनिधि दिनेश गुप्ता, मनोज सिंह, दुर्गा प्रसाद शुक्ल महाकाल, कथा व्यास विजय कान्त तिवारी, कमला श्रीवास्तव, सुमन श्रीवास्तव, शशि शर्मा, विवेक दत्त मिश्र एडवोकेट, भीम सिंह, कामता प्रसाद पाण्डेय, कुलदीप तिवारी आदि बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# ग्रीन हाउस ने जीती चैंपियन शिप, रेड हाउस उपविजेता

### रेड हाउस ने खो खो, शुभम ने जीता बैडमिटन का फाइनल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** असहाय और जरुरतमंद छात्रों को अगर मौका दिया जाए तो वे अपनी प्रतिभा दिखाते जरूर है। बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी ने ग्रामीण अंचल के खिलाड़ियों को मंच दिया तो उनके अंदर का हुनर सब ने देखा। जिला स्तरीय दो दिवसीय स्पोर्ट मीट के फाइनल में सोमवार को लाजू विश्वकर्मा की ग्रीन हाउस टीम ने चैंपियनशिप जीती। जबकि रेड हाउस उप विजेता रही। लाजू विश्वकर्मा ने आल राउंडर खिलाड़ी का खिताब भी जीता।दूसरे दिन के खेल में बालिका खो खो फाइनल में प्रिया की रेड हाउस की टीम जीती। कुश्ती में लकी और विपिन बैडमिंटन में शुभम प्रथम आए। जूनियर बालिका सौ मीटर रेस में लाजू प्रथम आई। मुख्य अतिथि दीया इंडस्ट्री के प्रोपराइटर अनुज शुक्ला और ट्रेन प्रबंधक वीके तिवारी ने खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किया। अनुज शुक्ला ने खेल प्रतिभाओं की सराहना की। हर संभव मदद का ऐलान किया। संचालन संयोजक शनि ने किया। दीपू, राहुल और रोहित निर्णायक रहे। खेल में दूर दराज से आए खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

### कुश्ती में विपिन और लकी ने पहलवानों को दी पटखनी

# बच्चों को मजदूरी कराने की जगह उनको पढ़ाकर करें शिक्षित

### बाल मजदूरी रोकथाम हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के अंतर्गत मजदूरी रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत रामपुर गड़ौली के कमंडी चक गॉव में किया गया, जिसमें अध्यक्ष डॉ रणजीत सिंह ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चे को यदि किसी व्यवसाय या किसी प्रक्रिया में नियोजित या कार्यरत पाया जाता है, तो वह बाल श्रम है।

उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के व्यवसाय या प्रक्रिया में 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों का कार्य अथवा नियोजन प्रतिबंधित है और इसके लिए बाल और किशोर श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) अधिनियम, 1986 के अधीन दंड का प्रावधान है।

इस जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों तथा उनके अभिभावकों को बच्चों के अधिकारों एवं शिक्षा के प्रति जागरूक करना है। इस अवसर पर विशेष रूप सें आमंत्रित कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ नवीन सिंह ने कहा कि बाल मजदूरी का सबसे बड़ा कारण हमारे देश में गरीबी का होना है गरीब परिवार के लोग अपनी आजीविका चलाने में असमर्थ होते हैं इसलिए वे अपने बच्चों को बाल मजदूरी के लिए भेजते हैं। शिक्षा के अभाव के कारण अभिभावक यही समझते हैं कि जितना जल्दी बच्चे कमाना सीख जाएं उतना ही जल्दी उनके लिए अच्छा होगा। कृषि वैज्ञानिक डॉ स्वाती दीपक दूबे ने कहा कि बाल मजदूरी को बढ़ावा इसलिए भी मिल रहा है कि बच्चों को कार्य करने के प्रतिफल के रूप में कम रुपए दिये जाते हैं जिसके कारण लोग बच्चों को काम पर रखना अधिक पसन्द करते हैं, साथ ही साथ भारत में जनसंख्या बृद्धि दर बहुत तेजी से हो रही है जिसके कारण गरीब लोग अपने परिवार का भरण-पोषण नहीं कर पाते हैं इसलिए परिवार के सभी सदस्यों को मजदूरी करनी पड़ती है जिसमें बच्चे भी शामिल हैं इसलिए न चाहते हुए भी बच्चों को मजदूरी करनी पड़ती है। इस अवसर पर सचिव मनीष सिंह, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ नवीन सिंह, महेन्द्र सिंह, अनिल सिंह तथा छोटे लाल यादव, विजय यादव, कपिल गुप्ता, मुस्तफा, हेमराज, अरूण शुक्ला, रविशंकर आदि लोग मौजूद रहे।

# दो दर्जन मुकदमे का वांछित अंतर प्रांतीय इनामिया अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** गोकशी, पशु तस्करी पशु चोरी के दो दर्जन से अधिक घटनाओं में वांछित अंतरप्रांतीय अभियुक्त रईस अहमद पुत्र जहीर अहमद निवासी तुरती पुर थाना करारी की गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था कौशांबी जिले के विभिन्न थाना के साथ-साथ उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के कई पुलिस थानों में दो दर्जन मुकदमे अभियुक्त पर दर्ज है दो दर्जन से अधिक मुकदमे के वांछित की गिरफ्तारी के लिए करारी थाना पुलिस और एसओजी टीम सोमवार की सुबह तुरती पुर गयी थी अभियुक्त की गिरफ्तारी के दौरान 25 हजार रूपए के इनामिया अभियुक्त की पुलिस टीम से मुठभेड़ हो गई मुठभेड़ के दौरान अभियुक्त ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी बचाव में पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग कर दी जिस पर अभियुक्त के पैर में गोली लग गई पुलिस ने दो दर्जन से अधिक अपराधों में लिप्त अंतरप्रांतीय इनामियां अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है और उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है विधिक कार्यवाही के पश्चात पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त को हिरासत में ले लिया है।

**कौशांबी जिले के विभिन्न थाना के साथ-साथ उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के कई पुलिस थानों में दो दर्जन मुकदमे अभियुक्त पर दर्ज है**



## वाहनों की जांच के दौरान विक्रम ऑटो की पुलिस नहीं करती जांच !

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश की सरकार के निर्देश पर आए दिन थाना पुलिस चौकी पुलिस यातायात पुलिस विभिन्न क्षेत्रों में वाहनों की जांच करती है लेकिन वाहनों की जांच के दौरान केवल दो पहिया वाहन चालक पुलिस के निशाने पर होते हैं कहीं भी डग्गामार अवैध तरीके से अधिक सवारी बैठा कर चलने वाले प्राइवेट विक्रम ऑटो अप्पे की जांच पुलिस जांच के दौरान नहीं करती है जिससे थाना पुलिस और चौकी पुलिस के चेहरे बिनकाब होते हैं आखिर गलत तरीके से ओवरलोड चलने वाले बिक्रम अप्पे ऑटो वाहन चालकों से पुलिस का क्या रिश्ता है यह जनजन की जुबान में है दो दिन पहले पिपरी थाना क्षेत्र में निर्धारित परमिट से तीन गुना अधिक सवारी लेकर जा रहा ऑटो ट्रक से टकरा गया जिससे दो लोगों की मौत हो गई और नौ लोग इस दुर्घटना में गंभीर घायल है लेकिन इस हादसे को भी पुलिस अधिकारियों ने नसीहत मानकर डग्गामार वाहनों पर कार्रवाई करने का निर्देश नहीं दिया है जिससे थाना पुलिस और चौकी पुलिस के रवैया में सुधार नहीं हो सका और कभी भी बड़ी दुर्घटनाएं फिर हो सकती है। सोमवार को पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी अषाढा में वाहन चेकिंग के दौरान खुलेआम पुलिस का दोहरा चरित्र देखने को मिला है दो पहिया वाहन चालकों को रोक कर उनके अभिलेखों को चेक किया गया तमाम वाहनों का चालान किया गया तमाम वाहन चालकों को फटकार लगाई गई तमाम वाहन चालकों को दिशा निर्देश देकर छोड़ दिया गया लेकिन पुलिस चौकी अषाढा क्षेत्र से निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी लेकर चलने वाले विक्रम ऑटो अप्पे वाहनों की पुलिस ने जांच करने की जरूरत नहीं समझी जबकि आरटीओ विभाग से जारी परमिट से अधिक सवारी लेकर विक्रम ऑटो अप्पे सड़क पर दौड़ रहे हैं। इतना ही नहीं कई वाहनों में चालकों के पास निर्धारित कामर्सियल ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था लेकिन उसके बाद इन वाहन चालकों को रोककर उनके वाहनों का चालान करना जुर्माना वसूलने की कार्यवाही चौकी पुलिस अषाढा के बीर जवानों ने नहीं की है बताया जाता है कि पुलिस चौकी का एक चर्चित सिपाही इन वाहनों से प्रत्येक महीने 500 रुपए महीने की वसूली कर रहा है जिससे डग्गामार वाहनों पर चौकी पुलिस की लगातार मेहरबानी बनी हुई है इलाके हरे फलदार पेड़ों की कटान शराब गांजा जुआ शराब भट्ठी सहित विभिन्न अपराधिक घटनाओं में चर्चित सिपाही की वसूली बेखौफ हो रही है पीड़ितों से बदसलूकी करना और अपराधियों से दोस्ती करने में इस चर्चित सिपाही का इलाके में नाम चर्चित है लेकिन उसके बाद भी चर्चित सिपाही के कारनामे पर चौकी इंचार्ज से लेकर थाना अध्यक्ष ने पुलिस अधिकारियों को अवगत कराते हुए चौकी के सिपाही के कारनामे उजागर करने का प्रयास नहीं किया है। इलाके के लोगों ने पुलिस अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करते हुए वसूली में लिप्त पक्षपात करने वाले चर्चित सिपाही के कारनामे की जांच करते हुए उसे दंडित किए जाने की मांग की है।



## बीपीएस पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

**महेवाघाट कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के बीपीएस पब्लिक स्कूल गढ़ी रकसौली में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 25 दिसंबर क्रिसमस डे के दिन एक दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन बिद्यालय परिसर में किया गया कार्यक्रम में सर्वप्रथम विद्यालय के डायरेक्टर भानु प्रताप कुशवाहा एवं विद्यालय प्रबंधक सुमित कुशवाहा द्वारा दीप प्रज्वलित कर खेल कूद प्रतियोगिता का आगाज किया गया इस अवसर पर बी.पी.एस. के बच्चों ने खूब बढ़ चढ़ कर खेल कूद प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमें प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को विद्यालय के प्रबंधक ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना किया। प्रतियोगिता में ग्रीन हाउस प्रथम स्थान द्वितीय स्थान पर रेड हाउस रहा एवं ब्लू हाउस तृतीय स्थान पर रहा और चौथ पर येलो हाउस रहा चारों के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ और इसमें पेरेंट्स द्वारा रस्सा कशी एवं म्यूजिकल चेयर का भी आयोजन किया गया जिसमें पैरेंट्स ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया इस अवसर पर स्कूल के प्रिंसिपल ज्ञानेंद्र सिंह, वाईस प्रिंसिपल जितेन्द्र पाण्डेय, अमित कुशवाहा, सुरेंद्र कुशवाहा, विवेक कुशवाहा, आशीष मिश्रा, रावेन्द्र सिंह, मनुदीप पाण्डेय, प्रीति श्रीवास्तव, इशिता, वैष्णवी, राजेश, दीपक, सिंह, एवं समस्त अध्यापक एवं अध्यापिकाएं एवं छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

# भारत के उज्जवल भविष्य के नीति निर्धारक रहे हैं अटल बिहारी वाजपेई : वेद प्रकाश पाण्डेय सत्यार्थी

**शीतला गेस्ट गेस्ट हाउस सायरा में लगी कस्य प्रतिमा पर किया गया माल्यार्पण, अखंड भारत संघर्ष मोर्चा के तत्वाधान में आयोजित हुआ कार्यक्रम**



**कौशाम्बी।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती पर सायरा स्थित शीतला धाम गेस्ट हाउस में पूर्व प्रधानमंत्री की कांस्य प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। कार्यक्रम का संयोजन अखंड भारत संघर्ष मोर्चा के द्वारा किया गया था, कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हिंदू जागरण मंच के जिलाध्यक्ष अवधेश नारायण शुक्ला रहे। इस मौके पर बोलते हुए कार्यक्रम के संयोजक वेद प्रकाश सत्यार्थी ने कहा कि भारत के नीति निर्धारकों में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी का नाम स्वर्णिम अक्षरों में अंकित है। उन्होंने विपक्ष में रहते हुए भी विदेश नीति के सलाहकार समिति में काम करते हुए पूरे विश्व में भारत के मजबूत प्रभाव को स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने भारत को स्वर्णिम चतुर्भुज जैसी विकसित सोच वाली सड़क योजना को दिया जो आज भारतीय व्यवस्था की रीढ बनी हुई है। यही नहीं उन्होंने पोखरण में परमाणु परीक्षण करके भारत को सामरिक रूप से भी पूरे विश्व में मजबूत करने का काम किया था। इस मौके पर बोलते हुए हिंदू जागरण मंच के जिला अध्यक्ष अवधेश नारायण शुक्ला ने कहा कि वह भारत के पहले ऐसे प्रधानमंत्री थे जिन्होंने भारत की प्राचीन संस्कृति को पुनर्स्थापित करने की अपनी सोच को दिखाई थी। आज जिस तरीके से भारत में सनातन को स्थापित करने का पुनीत कार्य किया जा रहा है उसमें पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जी की सोच निहित है। पहुंचे सभी कार्यकताओं ने कहां से प्रतिमा में माल्यार्पण कर पूर्व प्रधानमंत्री के प्रति अपनी श्रद्धा को अर्पित किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से शिखर मिश्रा, हर्षित, सनी कुशवाहा, अंकित दुबे, अंकित दुबे, जनार्दन पांडा, संजय मौर्य, शिवम पांडे, रजत पांडे, देवेंद्र दुबे, प्रकाश राजेश यादव, सुधेश सहित दर्जनों की संख्या में संगठन के लोग मौजूद रहे।

# सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की जयंती

**जिले के बूथों में बूथ अध्यक्षों नागरिकों ने तैल चित्रों में माल्यार्पण कर मनाई जयंती**



**अझुवा कौशांबी।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की जयंती आदर्श नगर पंचायत अझुवा के विभिन्न बूथों में तैल चित्रों में माल्यार्पण कर सुशासन दिवस के रूप में जयंती मनाई गई है भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने अपने बूथ पर पूर्व प्रधान मंत्री को पुष्पार्पण कर भारतीय राजनीति के अजात शत्रु,भारतीय जनता पार्टी के प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष महान कवि ,लेखक,ओजस्वी वक्ता पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई की जन्म जयंती पर नमन करते हुए उनकी जीवनी पर जानकारी दिया है उन्होंने उपस्थित लोगों को बताया आदरणीय अटल जी द्वारा जो सुशासन और उन्नत देश की नीव रखी गई थी उसको देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगे लेकर जा रहे हैं हमारा देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है भारत विश्व की उभरती आर्थिक ताकत के रूप में उभर रहा है यह देश के नए नजरिए, उदारवादी अर्थनीति, उद्यमशीलता के अलावा लोगों के समन्वित प्रयास व उत्साह का नतीजा है यह सब श्रेष्ठ नेतृत्व का नतीजा है देश को नरेंद्र मोदी जैसा यशस्वी नेता मिला हुआ है हम सभी आज सुशासन की शपथ लेते हैं और देश के विकास में भागीदारी कर हरसंभव सहयोग करेंगे।इस अवसर पर डॉक्टर संतलाल मौर्य, करन सिंह भाजपा नेता,राहुल कुशवाहा ,विनोद कुमार मौर्य सहित तमाम सम्मानित लोग मौजूद रहे। बूथ अध्यक्ष गिरिराज कुशवाहा ने कहा एक समाज , समुदाय य देश के नागरिक होने के नाते कुछ दायित्वों का पालन व्यक्तिगत रूप से करना चाहिए,ये हम भारत के नागरिकों के लिए आवश्यक है कि वो वास्तविक अर्थों में आत्म निर्भर बने,ये देश के विकास के लिए बहुत आवश्यक है। यह तभी संभव हो सकता है जब देश में अनुशासित, समय के पाबंद,कर्तव्य परायण और ईमानदार नागरिक हों।

# क्रिसमस डे पर एम वी कॉन्वेंट स्कूल और कॉलेज में सम्पन्न हुआ बाल मेला




**मनौरी कौशाम्बी** पूरामुफ्ती, कोइलहा कौशांबी स्थित मधु वाचस्पति स्कूल एंड कॉलेज में सोमवार को क्रिसमस डे के अवसर पर भव्य बाल मेला का आयोजन हुआ । इस मेले का उद्घाटन संस्थापक वाचस्पति विधायक बारा विधानसभा प्रयागराज एवं श्रीमती मधुपति पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष के द्वारा फीता काटकर किया गया । इस कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना तथा सांस्कृतिक नृत्य और बाल नाट्य कथाओं के साथ हुआ। इस मेले के दौरान जादूगर आदित्य रैना ने अपनी विभिन्न जादुई कलाओं से लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया। इस भव्य मेले में अलग-अलग कक्षाओं के छात्र एवं छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया जिसमें 12वीं कक्षा के छात्रों ने फ्रूट कस्टर्ड, पिज्जा, छाछ, दमालू, टिक्की एवं 11वीं के बच्चों ने चाउमीन, नवी कक्षा के बच्चों ने बाटी चोखा, आठवीं कक्षा के बच्चों ने चुरमुरा, सातवीं के बच्चों ने रसगुल्ला, छठवीं के बच्चों ने गोलगप्पे, तथा पीजी से पांचवी कक्षा की सभी शिक्षिकाओं तथा बच्चों ने विभिन्न प्रकार के व्यंजन एवं रचनात्मक खेलों का आयोजन किया। मेले में बच्चों के अभिभावकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मेले के दौरान बच्चों तथा अभिभावकों ने घुड़सवारी का भी भरपूर आनंद लिया। इस कार्यक्रम में दसवीं कक्षा की छात्रा छवि पटेल ने अपनी उत्कृष्ट मंच संचालन प्रतिभा से लोगों को बांधे रखा। कार्यक्रम के शुभारंभ के दौरान विद्यालय के संस्थापक वाचस्पति ने बाल मेले में आए हुए सभी अभिभावकों का मंच के माध्यम से स्वागत किया। बच्चों द्वारा आयोजित किए गए इस मेले की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों द्वारा बच्चों में अनुशासन, मित्रता एवं नेतृत्व की भावना का विकास होता है। अंततः कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अनुभा शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से बच्चों तथा शिक्षकों के बीच सामंजस्य स्थापित होता है। साथ ही साथ प्रधानाचार्या ने आने वाली बोर्ड परीक्षा के लिए बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

# बेखौफ लकड़ी माफियाओं पर कौन लगाएगा अंकुश

**संदीपन घाट थाना क्षेत्र और चरवा थाना क्षेत्र में बेखौफ लकड़ी माफिया काट रहे हैं हरे फलदार पेड़**



**कौशाम्बी।** वन विभाग के अधिकारियों की निरंकुशता और विभागीय कर्मचारियों की सांठगांठ के चलते पूरे जिले में हरे फलदार पेड़ों की सुरक्षा खतरे में आ गई है आए दिन हरे फलदार पेड़ लकड़ी माफिया काटकर लकड़ियां उठा ले जाते है और जांच के नाम पर वन विभाग के अधिकारी ड्रामेबाजी तक सीमित है कोखराज इलाके में एक महीने के बीच सैकड़ों हरे फलदार पेड़ काटने का मामला अभी ठंडा भी नहीं पड़ा था कि संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मालक मोहिउद्दीनपुर कछार इलाके में लकड़ी माफियाओं का गैंग पहुंच गया है और दर्जनों लकड़ी माफिया प्रतिदिन इलाके में हरे फलदार पेड़ काट कर उठा ले जाते हैं और स्थानीय पुलिस के साथ वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी मूक दर्शक बने हुए है जिससे क्षेत्र के हरे पेड़ों की संख्या दिनों दिन कम होती जा रही है 1 दिन पहले फिर संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मालक मोहिउद्दीन पुर कछार गांव में तीन हरे नीम के विशाल हरे पेड़ को लकड़ी माफियाओं ने इलेक्ट्रॉनिक आरा मशीन से काटकर जमीन पर गिरा दिया और उसकी लकड़ियों को लकड़ी माफिया वाहनों में भरकर उठा ले गए हैं शिकायत के बाद भी थाना पुलिस और वन विभाग लकड़ी माफियाओं को हरे पेड़ों की लकड़ियों समेत गिरफ्तार नहीं कर सके है जिससे संदीपन घाट थाना पुलिस और वन विभाग के रेंजर की संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता है। चरवा थाना क्षेत्र के सैयद सरावां पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम पंचायत कमालपुर में लकड़ी माफिया ने फिर एक हरे नीम का पेड़ काट दिया है स्थानीय पुलिस से लेकर के वन विभाग के अधिकारी हरे पेड़ को काटते हुए देखते रह गए हैं लकड़ी माफिया हरे पेड़ की लकड़ियां उठा ले गए हैं शिकायत के बाद भी लकड़ी काटने में लगे लकड़ी माफियाओं पर कार्रवाई नहीं हुई है या एक दिन का मामला नहीं है इलाके में प्रतिदिन लकड़ी माफिया हरे पेड़ को बेखौफ तरीके से काट रहे हैं और विभाग के अफसर उन पर रोक लगाते नहीं दिख रहे हैं जिससे हरियाली पूरी तरह से नष्ट हो रही है लोगों ने सूबे के मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराते हुए हरे फलदार हरे पेड़ों के कटान पर रोक लगाए जाने की मांग की है।

## भीड़ ने लगाया सांसद मुदार्बाद के नारे मंच छोड़कर चले गए सांसद



**कौशाम्बी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को संबोधित करने जैदपुर पूरे हजारी विकास खंड नेवादा में सांसद कौशाम्बी विनोद सोनकर गए थे कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनता को सांसद सम्बोधित कर रहे थे केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का बखान सांसद कर रहे थे लेकिन इसी बीच भीड़ में उपस्थित जनता सांसद से आक्रोशित हो गई और सांसद मुदार्बाद के नारे लगाते हुए सांसद को भला बुरा कहने लगी कौशांबी सांसद विनोद सोनकर मुदार्बाद का नारा लगाए जाने से कार्यक्रम स्थल पर अफरा तफरी मच गई भीड़ के बीच से मार कर भगाइए की आवाज आ रही थी हालांकि कुछ उनके समर्थकों ने सांसद जिंदाबाद का नारा भी लगाया कार्यक्रम स्थल पर जनता का आक्रोश देखकर सांसद मंच छोड़कर चले गए सांसद विनोद सोनकर की गांव की जनता ने कार्यक्रम स्थल पर किस तरह से छीछालेदर कर दी है इसका खामियाजा आने वाले लोकसभा चुनाव में भी देखने को मिलेगा मंच से सांसद भाग खड़े हुए कार्यक्रम के दौरान सांसद विनोद सोनकर मुदार्बाद के नारे लगाए जाने के बाद पूरी बीजेपी पार्टी के लिए यह काला दिन साबित हो रहा हैं सांसद विनोद सोनकर मुदार्बाद के नारे लगाए जाने के बाद कार्यक्रम स्थल पर अफरा तफरी मच गई उनके सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें भीड़ से बाहर निकाल कर वाहन तक ले गए और सांसद कार्यक्रम स्थल छोड़कर चले गए कार्यक्रम स्थल पर सांसद के सैकड़ो समर्थक मौजूद थे लेकिन किसी ने भी मुदार्बाद का नारा लगाने वालों को समझने का प्रयास नहीं किया सांसद के कारनामे से जनता में जबरदस्त आक्रोश ब्याप्त है।

## न्यूज झरोखा

### श्रद्धेय अटल जी की पावन स्मृतियां हम सभी के हृदय में सदैव जीवंत रहेंगी : धर्मराज मौर्य जिला अध्यक्ष



**अझुवा कौशाम्बी** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय मंझनपुर में सोमवार को भारतीय राजनीति में उत्कृष्ट लोकतांत्रिक मूल्यों के संवाहक, पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न' श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती 'सुशासन दिवस' के अवसर पर जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य सांसद कौशाम्बी विनोद सोनकर जिला प्रभारी अवधेश चंद्र गुप्ता ने श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि तथा जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने बताया कि बीजेपी अटल जी के मूल्यों के प्रति पूरी प्रतिबद्धता के साथ लगकर के कार्य करने का संकल्प ले रही है आज उनकी जयंती है इस अवसर पर सदैव अटल जी की स्मृतियों को नमन करते हुए जिले की ओर से मैं उनके चरणों में विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। अटल जी भारत की राजनीति के आजाद शत्रु थे भारत को राजनीतिक अस्थिरता से उभारने और देश के अंदर राजनीति में पारदर्शिता का एक आदर्श प्रतिमान उन्होंने रखा था। आज का दिवस सुशासन दिवस के रूप में बीजेपी की सरकारें आयोजित कर रही हैं उनके मूल्यों के प्रति पूरी प्रतिबद्धता के साथ लगकर के कार्य करने का संकल्प भी ले रही है इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कल्पना सोनकर वीरेंद्र कुमार श्रीमती कविता पासी एवं कार्यक्रम संयोजक अरविंद द्विवेदी जितेन साहू सत्यम केसरवानी गोलू सिंह पटेल सहित पार्टी के तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### विद्यालय के 87 छात्रों को दिया गया निः शुल्क स्मार्ट फोन




**कोखराज कौशाम्बी** सिराथू तहसील के अन्तर्गत कशिया पश्चिम ग्राम पंचायत के एम वी आर लां कालेज में सोमवार को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 87 स्मार्ट फोन विद्यालय के छात्रों को निः शुल्क स्मार्ट फोन वितरण किया गया समारोह में अध्यक्षता कर रहे प्रधानाचार्य आशीष मिश्रा व प्रदीप सिंह,वैभव सिंह, जगेश्वर व सहयोगी के अलावा मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य योगेश चन्द्र साहू,ब्लॉक प्रमुख प्रत्याशी रहे भइय्यन पासी अपने साथियों के साथ लां कालेज में शिक्षा ग्रहण कर चुके छात्रों के जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विकसित भारत के स्वप्न को साकार बनाने की परिकल्पना बताया व सरकार के विकास अयोध्या में 500 वर्षों से बाधित प्रभु श्री राम चन्द्र जी के मन्दिर बनने की चर्चा की व बीते माह काश्मीर मे श्री रामचन्द्र जी की कलशपूजन यात्रा को भी सरकार के सराहनीय उपलब्धि बताया

### बड़ी धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस डे का पर्व



**हर्रायपुर कौशाम्बी** एन डी कन्वेंट स्कूल एंड स्वर्गीय श्री समाधि महाराज बाबा सूरजपाल दास इंटर कॉलेज नसीरपुर मूरतगंज कौशांबी में क्रिसमस डे का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया ' सेंटा क्लाज ने बच्चों को टॉफी बिस्किट गिफ्ट बांटे जिसे पा कर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे' इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक मिथिलेश कुमार सिंह ने प्रभु यीशु के जीवनी पर प्रकाश डाला 'विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश कुमार ने अंताक्षरी प्रतियोगिता आयोजित की विजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया ' इस मौके पर रामनरेश यादव ,सुनील सिंह ,अभिषेक कुमार , आई बी सर ,राधा रानी ,सरोज अग्रवाल ,दीपिका कुमारी ,शिवानी यादव ,आकांक्षा पाल, ज्योति,ममता,मनीषा विश्वकर्मा, अनिल कुमार ,मुन्नी देवी आदि लोग मौजूद रहे।

### अहिरारा में आयोजित हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम



**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी** भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम सोमवार को सिराथू ब्लाक के अहिरारा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर प्रारंभ किया। उन्होंने स्वास्थ्य, बेसिक शिक्षा, आगनवाड़ी, पीएम किसान सम्मान,पूर्ति विभाग, श्रम विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। उसके बाद जिलाध्यक्ष ने भारत सरकार और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं और उनके लाभों के संबंध में बताया। साथ ही कहा की सरकार सभी के लिए काम कर रही है कार्यक्रम में संजय और मोनू दुबे ने गांव में गौशाला बनाए जाने की मांग की। श्याम लाल, बिजमा, विमला और छितानी ने वृद्धा पेंशन न मिलने की शिकायत किया। महेश, सुनील, शहीना बीबी, कुसुम आदि ने आवास न दिए जाने का मुद्दा उठाया। सकुन देवी, रोशनी, सविता, अर्चना देवी आदि ने राशन कार्ड न बनाए जाने की शिकायत किया। मक्खनलाल, महेंद्र कुमार, निधि मौर्य, राजेंद्र कुमार ने किसान सम्मान निधि न मिलने की शिकायत किया। पोखराज और रामशरण ने वरासत न किए जाने का आरोप लगाया। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि लवकुश मौर्य,ब्रम्हानंद, तिलक तिवारी, ग्राम प्रधान कोमल पटेल, जैकी पटेल, सचिव शिवाकांत मिश्रा सहित तमाम ग्रामीण उपस्थित रहे।

### विद्यालय के 145 छात्रों को दिया गया निः शुल्क स्मार्ट फोन



**मंझनपुर कौशाम्बी** मंझनपुर तहसील के अन्तर्गत मुंशी रामधनी जगरूप सिंह डिग्री कॉलेज बैशकांटी में सोमवार को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 145 स्मार्ट फोन महाविद्यालय के छात्रों को निः शुल्क स्मार्ट फोन वितरण किया गया समारोह में अध्यक्षता कर रहे प्रधानाचार्य कंचन सिंह व प्रबंधक अंकुर सिंह , राम सिंह, शिवेंद्र सिंह, पवन यादव , विजय मौर्य , रघुवेंद्र यादव,लवकुश शर्मा सहयोगी के अलावा मुख्य अतिथि जिला महामंत्री भाजपा संजय जायसवाल , वशिष्ठ अतिथि राम सुंदर सिंह अपने साथियों के साथ डिग्री कालेज में शिक्षा ग्रहण कर चुके छात्रों के जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विकसित भारत के स्वप्न को साकार बनाने की परिकल्पना बताया व सरकार के विकास अयोध्या में 500 वर्षों से बाधित प्रभु श्री राम चन्द्र जी के मन्दिर बनने की चर्चा की व बीते माह काश्मीर मे श्री रामचन्द्र जी की कलशपूजन यात्रा को भी सरकार के सराहनीय उपलब्धि बताया।

### प्रयागराज मे होने वाले रास्ट्रीय चिंतक शिविर 27 28 29 जनवरी मे शामिल होने की किसानो से अपील

**टेढ़ी मोड़।** कौशाम्बी ब्लाक कड़ा के शहजादपुर गाँव मे सोमवार को किसान यूनियन अराजनैतिक की सदस्यता अभियान के तहत बैठक शहजादपुर बाजार मे आयोजित की गईं जिसमे जिला अध्यक्ष नुरुल इस्लाम ने प्रयागराज मे होने वाले रास्ट्रीय चिंतक शिविर 27 28 29 जनवरी मे कार्यक्रम मे शामिल होने के लिए किसानो से अपील की बैठक मे किसानो की अन्य समस्याओ नहरों मे पानी न आने पर किसानो मे आक्रोश दिखा जिला सचिव पंडित दीपक शर्मा ने कहा की किसानो के शोषण को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा संगठन का सदस्यता अभियान 25 दिसंबर से 25 जनवरी तक चलेगा बैठक मे मुख्य रूप से संदीप पाण्डेय पंचम लाल मौर्या भोलानाथ बापू मुकेश वर्मा मीन देवी मौर्या आदि उपस्थित रहे।

संपादकीय

## पहलवानों को न्याय की उम्मीद

भारत सरकार के खेल मंत्रालय ने रविवार सुबह एक अप्रत्याशित कदम उठाते हुए नवनिर्वाचित कुश्ती संघ को निलंबित कर दिया है। बीते गुरुवार को ही संघ के चुनाव हुए थे, जिसमें संजय सिंह को अध्यक्ष चुना गया था। इन्हीं चुनावों में मध्यप्रदेश के नए मुख्यमंत्री मोहन यादव उपाध्यक्ष पद का चुनाव हार गए थे। बहरहाल, अब संघ के निलंबन के साथ ही हार-जीत की ये बातें भी खारिज हो गई हैं। खेल मंत्रालय का अगला आदेश कौन सा होता है। इसमें निलंबन को लेकर मंत्रालय क्या फैसला लेता है।

क्या नए सिरे से चुनाव कराए जाएंगे। क्या अब सीधे लोकसभा चुनावों के बाद ही कुश्ती महासंघ में चुनाव होंगे या फिर जाट और राजपूत वोटों के समीकरणों को ध्यान में रखते हुए चुनावों पर कोई फैसला लिया जाएगा। फिलहाल कई सारे सवाल कुश्ती के अखाड़े में खड़े हुए हैं, जिनके जवाब समय आने पर ही मिलेंगे। वैसे भारतीय कुश्ती संघ यानी डब्ल्यू एफ आई के अखाड़े में पिछले साल भर से जिस किस्म की उठा-पटक चल रही है, उसे देखकर यही लगता है कि अभी कई कठिन सवालों से भाजपा को जूझना होगा।

गौरतलब है कि इस साल की शुरूआत में ही साक्षी मलिक, विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया जैसे विश्वस्तरीय विजेता पहलवानों ने भाजपा सांसद और कुश्ती संघ के तत्कालीन अध्यक्ष ब्रजभूषण शरण सिंह पर यौन शोषण के गंभीर आरोप लगाए थे। इंसाफ की गुहार लगाते हुए कई पहलवान हफ्तों तक जंतर-मंतर पर धरना देते रहे। जिसके बाद खेल मंत्रालय ने कुश्ती संघ से 72 घंटे के अंदर आरोपों पर जवाब देने के लिए नोटिस भेजा। जिस पर संघ ने अपनी जवाबी चिठ्ठी में पहलवानों के आरोपों को खारिज किया और कहा कि उनके पास यौन उत्पीड़न का एक भी आरोप नहीं आया है। कुश्ती में भारत का नाम दुनिया में रोशन करने वाले इन पहलवानों ने थक-हार कर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, जिसके बाद दिल्ली पुलिस ने ब्रजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज की और फिर अलग-अलग आरोपों पर जांच शुरू हुई। देश के शीर्ष पहलवानों को ये उम्मीद थी कि जिन प्रधानमंत्री मोदी ने उनके पदक जीतने पर उनकी हौसला अफजाई की, उन्हें अपनी बेटियों के समान बताया, वे कम से कम संसद से आरोपी ब्रजभूषण शरण सिंह को तो बर्खास्त करवा ही देंगे और बेटी बचाओ का नारा देने वाली भाजपा भी ऐसे आरोपी को पार्टी से निकालेगी।

लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ तो निराश पहलवानों ने अप्रैल में फिर से जंतर-मंतर पर धरना देना शुरू किया। न्याय के इंतजार में उनकी निराशा जब हद से अधिक बढ़ गई तो ये खिलाड़ी अपने पदकों को गंगा में बहाने के लिए हरिद्वार भी पहुंच गए। लेकिन तब किसान नेता नरेश टिकैत ने उन्हें रोक लिया। देश पहले साल भर का किसान आंदोलन देख चुका था। अब किसान और पहलवान एक साथ आते दिख रहे थे। हालांकि सरकार पर इसका कोई असर नहीं हुआ। इस बीच नये संसद भवन का उद्घाटन 28 मई को हुआ और उसी दिन पहलवानों को जंतर-मंतर से जबरदस्ती हटा दिया गया। दिल्ली पुलिस ने देश को पदक दिलाने वाली महिला पहलवानों को किस तरह सड़क पर घसीटा, इसकी तस्वीरें देश आसानी से नहीं भूल सकता था, लेकिन लोगों को क्या पता था कि अभी ऐसी कुछ और तस्वीरें भी भविष्य में देखने मिलेंगी।

महिला पहलवानों के न्याय के संघर्ष में किसान और खाप पंचायतें सामने आईं तो खेल मंत्रालय भी हरकत में आया। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने सात जून को छह घंटे की लंबी बातचीत पहलवानों से की, और भरोसा दिलाया कि ब्रजभूषण शरण सिंह के खिलाफ जारी जांच 15 जून तक पूरी कर ली जाएगी। मगर पहलवान चाहते थे कि अब कुश्ती संघ में ब्रजभूषण शरण सिंह और उनसे जुड़े लोग चुनकर न आएं। साथ ही किसी महिला को इसकी जिम्मेदारी सौंपी जाए, ताकि महिला पहलवान सुरक्षित महसूस कर सकें। मगर ब्रजभूषण शरण सिंह संसद में बने ही रहे और इस बीच बीते गुरुवार को जब चुनाव हुए तो उनके करीबी संजय सिंह को 47 में से 40 वोटों के साथ अध्यक्ष निर्वाचित किया गया।

जबकि संजय सिंह के खिलाफ उतरी कॉमनवेल्थ खेलों में स्वर्ण पदक विजेता अनीता श्योराण को सिर्फ 7 वोट मिले थे। इस चुनाव के बाद ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक ने दिल्ली में प्रेस कांफ्रेंस कर कुश्ती से अपने संन्यास का ऐलान किया और रोते हुए अपने जूते छोड़कर चली गईं। साक्षी के रखे हुए जूतों की ये तस्वीर सत्ता से सवाल करती रही कि आखिर महिला पहलवानों को कब तक इंसाफ की लड़ाई लड़नी पड़ेगी। इसके बाद बजरंग पुनिया ने अपने पद्मश्री को वापस लौटाने का ऐलान किया और पदक को प्रधानमंत्री मोदी के आवास के बाहर बने फुटपाथ पर रख कर अपना विरोध दिखाया। एक अन्य पहलवान वीरेंद्र सिंह ने भी पद्मश्री लौटाने का ऐलान कर दिया।

मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में बहुत से लेखकों असहिष्णुता के विरोध में सम्मान वापस किए थे। और अब खिलाड़ी उसी राह पर बढ़ते दिखे। हालांकि दो-दो बार बहुमत से सत्ता पर काबिज भाजपा की सेहत पर ऐसे विरोधों का कोई खास फर्क नहीं पड़ता है। लेकिन छवि को दाग जरूर लगता है। पहलवानों के मुद्दे में दाग गहराने का जोखिम ज्यादा बढ़ सकता है, क्योंकि इसमें किसानों, खाप पंचायतों के साथ जाट वोटों का मामला भी जुड़ गया है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री मामले को भाजपा ने जाट अस्मिता से जोड़ा था, लेकिन दो ही दिन में साक्षी मलिक के संन्यास के ऐलान से जाट अस्मिता का सवाल भाजपा पर उल्टा पड़ता दिखा। हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, उत्तरप्रदेश और हाल ही में जीते गए राजस्थान में जाट मतदाताओं को साधना भाजपा को कठिन पड़ सकता है। यह कठिनाई और बढ़ती इससे पहले ही कुश्ती संघ के निलंबन का फैसला आ गया। फिलहाल इसका कारण जूनियर नेशनल चैंपियनशिप गोंडा में कराने के फैसले को बताया गया है। मंत्रालय इस बात से नाराज दिख रहा है कि नए संघ ने खेल संहिता की पूरी तरह से अनदेखी की है।


# क्या पुनर्गठन कांग्रेस में उत्साह लाएगा?

**- शकील अख्तर**

कांग्रेस जनता की है। और अगर यह जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप काम नहीं कर पाएगी तो जनता फिर दूसरी कांग्रेस बना देगी। समय बदल रहा है। कांग्रेस नहीं समझ रही। 2012 से बिल्कुल नहीं। भाजपा समझ गई थी। उसने उसी समय नरेन्द्र मोदी को अपना प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित करके तैयारियां शुरू कर दी थीं। मगर कांग्रेस तब से अब तक सचेत नहीं हुई है।

अब कोई कहता है या नहीं, हमें पता नहीं। मगर कुछ साल पहले तक 2014 हरवाने के समय तक कांग्रेस के एक नेता, बड़े पदाधिकारी कहते थे कि हमारी पार्टी है हम जो चाहें करें! हम हमेशा कहते थे नहीं ऐसा नहीं है। कांग्रेस किसी की पार्टी नहीं हो सकती। वह भारत की करोड़ों करोड़ जनता की इच्छाओं की आकांक्षाओं की पार्टी है। आजादी के आंदोलन से उपजी। देश के नवनिर्माण के सपनों की पार्टी। वह केवल आपकी या कांग्रेस के नेताओं की पार्टी नहीं हो सकती। इसके जितने कार्यकर्ता हैं देश भर में उससे कई गुना ज्यादा इसके सिम्पेथाइजर ( शुभचिंतक, हमदर्द) हैं। जिनकी सद्इच्छाओं से ही यह चल रही है।

अब जैसा कि हमने कहा कोई कहता है या नहीं हमें पता नहीं मगर किया वैसा ही जा रहा है। सवा साल बाद कांग्रेस के नए अध्यक्ष जो जाहिर है, अब पुराने भी हो गए, की नई टीम, जो भी जाहिर है नए के नाम पर कुछ नहीं की घोषणा पार्टी में कोई उत्साह नहीं फूंकती है। मेरी मर्जी जैसा पुनर्गठन है। और मर्जी किसकी, यह भी आज तक किसी की समझ में नहीं आया है। कांग्रेस में कौन फैसले लेता है यह इन्दिरा गांधी के बाद से किसी को नहीं मालूम।



कहा जाता है कि राहुल, प्रियंका फैसले लेते हैं। लेकिन अगर प्रियंका फैसला लेती हैं तो फिर खुद को वेटिंग फार पोस्टिंग ( पदस्थापना की प्रतीक्षा) क्यों रखतीं? यही कांग्रेस का रहस्य जाल है।

प्रियंका राहुल से पहले से राजनीति में सक्रिय हैं। राजीव गांधी के साथ टीन एज (किशोरावस्था) से अमेठी जाने लगी थीं। बॉब कट बाल थे। लंबी, दुबली पतली सब भैया जी कहने लगे। आज तक अमेठी रायबरेली के लोग भैया जी ही कहते हैं। 2004 में राहुल को लेकर वही अमेठी गई थीं। परिचय कराया था कि मेरे बड़े भाई हैं। अमेठी से चुनाव लड़ेंगे।

अमेठी रायबरेली का काम देखती रहीं। हमसे बातचीतमें कहा था बच्चे छोटे हैं। बड़े हो जाएं मैं राजनीति में आऊंगी। आईं। देर से आईं। 2019 में और बड़े खराब हो चुके प्रदेश से शुरूआत हुई। या करवाई गई। यह ऐसा ही था जैसे आस्ट्रेलिया की पिच पर नए बैट्समेन का डेब्यू ( पहला मैच ) करवा दें। यूपी दिया भी तो आधा। अपनी सबसे संभावनाशील नेता के चार साल कांग्रेस ने बंजर जमीन में बरबाद कर दिए। यूपी को पिछले तीन दशक में केवल एक ही नेता ने फिर कांग्रेसमय किया था। वे थे दिग्विजय सिंह। 2019 के लोकसभा चुनाव में 22 सीटें जितवा कर लाए थे। दिग्विजय सिंह और प्रियंका गांधी कांग्रेस के ऐसे नेता हैं जो कभी पीछे नहीं हटते। लड़ते हैं। हिमाचल याद कीजिए। राहुल की यात्रा चल रही थी। गोदी मीडिया ने खबरें चलाना शुरू कर दीं कि प्रियंका नाराज हैं। यात्रा में नहीं जा रहीं। हमने बात की। प्रियंका के यहां से स्पष्ट किया गया कि चुनाव खत्म होने तक हिमाचल प्रदेश नहीं छोड़ेंगी। और फिर जिता कर ही यात्रा में शामिल हुईं।

ऐसे ही मध्यप्रदेश में दिग्विजय ने जिस तरह कमलनाथ द्वारा अपमान किए जाने के बाद भी चुपचाप काम किया वैसा भी कोई नहीं कर सकता। ज्योतिरादित्य सिंधिया तो इतनी बात पर पार्टी छोड़ कर चले गए थे। कमलनाथ ने केवल दिग्विजय के लिए ही नहीं बोला उनके बेटे जिनका किसी से कोई विवाद ही नहीं है। बहुत शालीन स्वभाव के, सब बड़ों को सम्मान देने वाले जयवर्धन सिंह के लिए भी कह दिया कि जाओ उनके कपड़े फाड़ो।

खैर तो कांग्रेस के इस फेरबदल में जिन दो नेताओं को फिलहाल कुछ भी जिम्मेदारी नहीं दी गई है। वे दोनों प्रियंका और दिग्विजय बहुत सामर्थ्यवान नेता हैं। और जिन बहुत सारे लोगों को दी गई है वे कई बार के आजमाए हुए सिर्फ गणेश परिक्रमा करने वाले नेता हैं।

राहुल गांधी ने एक बड़ा प्रयोग किया था। परिवार के बाहर के आदमी को अध्यक्ष बनाने का। लेकिन सिर्फ किसी को अध्यक्ष बनाना तो उद्देश्य नहीं हो सकता। मुख्य बात तो पार्टी को वापस सत्त‍ा में लाना ही है। अब 2024 के चुनाव में समय ही कितना है! जो यह नई टीम के नाम पर लाए हैं यह क्या कुछ कर सकते हैं? यूपी जिसमें सबसे ज्यादा काम की जरूरत है वहां इंचार्ज अविनाश पांडे को बनाया गया है। अविनाश बहुत सारे राज्यों के इंचार्ज रह चुके हैं। शायद मुकुल वासनिक के बाद वे नंबर दो पर होंगे जो इतने अधिक राज्यों में भेजे जा चुके हैं। मगर क्या कांग्रेस के नेतृत्व ने कभी किसी राज्य के प्रदेश अध्यक्ष और दस दूसरे प्रमुख नेताओं से पूछा कि राज्य में इनके काम करने से कुछ फायदा मिला या नहीं? इंचार्ज की भूमिका कांग्रेस में बहुत मशीनी (मोनोटोमस) हो गई है। अब मध्य प्रदेश या छत्तीसगढ़ में कोई इन्चार्ज क्या दस वोट भी बढ़ा सकता है? हां विधानसभा चुनाव से पहले दोनों जगह अनुभवी गंभीर इंचार्ज की जरूरत थी। अब लोकसभा में इन जैसे साफ भाजपा कांग्रेस में बंटे राज्यों में इंचार्ज को कुछ खास करने को नहीं है।

मगर यह दिलचस्प है कि इस फेरबदल की लिस्ट में काम ही बस राज्यों के इन्चार्ज बनाने का हुआ है। जरूरत है प्रदेश अध्यक्षों से काम लेने की। इन्चार्ज का काम तो बस इतना है कि जब तक अध्यक्ष बिना गुटबाजी के काम कर रहा है उसका समर्थन करना और गुटबाजी दिखते ही हाईकमान को सूचित करना। अभी तीनों राज्य कांग्रेस खुद अपने कारणों से हारी है। जीती हुई हारी है। कोई प्रदेश अध्यक्ष, इन्चार्ज इतना दमदार नहीं था और दो राज्यों में तो मुख्यमंत्री भी थे कि हाथ से निकली जा रही जीत को पकड़ सकते।

लगता है अब पूरी उम्मीद इंडिया गठबंधन से ही है। कांग्रेस फिलहाल खुद को समेट कर रखने में लगी है। मगर यह भूल गई है कि जिन राज्यों में उसका सीधा मुकाबला भाजपा से है वहां तो उसे काम करने वाली टीम चाहिए ही। और जब कांग्रेस मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, हिमाचल, उत्तराखंड में लड़ती दिखेगी तब ही दूसरे राज्यों में जहां वह अपने विपक्षी सहयोगियों के बीच दूसरे और तीसरे नंबर की पार्टी है वहां उचित महत्व पाएगी। प्रधानमंत्री मोदी माहौल के साथ लड़ते हैं। वे खुद बनाते हैं और मीडिया उसे आगे बढ़ाता है। कांग्रेस माहौल का मतलब समझती ही नहीं है। इतनी देर से यह लिस्ट निकली मगर चुपचाप पत्रकारों को व्हाट्सएप पर भेज दी। छोटी-छोटी बातों पर तो रोज प्रेस कान्फ्रेंस करती है। मगर जो अनाउसमेंट हमेशा प्रेस कान्फ्रेंस में एक-एक नाम सुनाकर होता था उसे शाम सात के बाद वैसे ही निकाल दिया।

# बदलते भारत का नेतृत्व, देश की प्रगति और उभरे विवाद

**- गिरीश लिंगन्ना**

एक उभरती हुई आर्थिक महाशक्ति के रूप में भारत की अवधारणा नयी नहीं है, खासकर दुनिया के सबसे बड़े विकासशील देश के लिए। हालांकि, हाल ही में इस विचार के जोर पकड़ने का एक कारण मोदी और उनका 5 खरब डॉलर की भारतीय अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य है। मोदी 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र में बदलने की बात करते नहीं थकते।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2016 में अपने आधिकारिक निवास का नाम लोक कल्याण मार्ग (एलकेएम) रखा। नया नाम मोदी की लोकलुभावनवाद और भारत के औपनिवेशिक अतीत को खत्म करने के झुकाव को दर्शाता है। सख्त सुरक्षा चौकी से परे ' 7 एलकेएम' में मोर और आंतरिक आंगन हैं जो फूलों की बड़ी आकर्षक सजावट से सजाये गये हैं। परिसर में ही एक बैठक कक्ष है जिसकी छत पर विश्व मानचित्रों को दशार्ने वाले भित्तिचित्र हैं। कैबिनेट कक्ष में 'प्रस्तावना' के कुछ अंश अंकित हैं।



इसी शांत वातावरण से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव पर नजर रखते हैं। हालांकि, चिंता यह है कि मोदी स्वयं संविधान के लिए खतरा पैदा कर सकते हैं। अपनी विशाल डेस्क के पीछे खड़े होकर, मोदी कार्यालय में एक और वर्ष के समापन पर आश्वासन दे रहे हैं।

अपनी जनसंख्या चीन से अधिक होने के कारण भारत को अब चीन के लिए एक आशाजनक विकल्प के रूप में देखा जाता है। हर जगह लोग मोदी के अगले पांच साल के कार्यकाल के लिए कमर कस रहे हैं। 73 वर्षीय मोदी 2024 में जीत की दौड़ में सबसे आगे हैं। मोदी आम नागरिकों के जीवन में ठोस सुधार लाने के अपने ट्रैक रिकॉर्ड का हवाला देते हैं।

मोदी शासन के पिछले एक दशक में भारतीय लोगों की इच्छाओं में महत्वपूर्ण परिवर्तन आया है। क्रीम कुर्ता और जंग रंग की स्लीवलेस जैकेट पहने हुए मोदी बेहद साफ-सुथरे दिखते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारतीयों को पता है कि भारत बड़ी सफलताओं के कगार पर है और वे जानते हैं कि जो प्रगति वे देख रहे हैं वह भाजपा के कारण है। भाजपा की हालिया विधानसभा चुनावों में जीत के बाद, फाइनेंशियल टाइम्स ने मोदी का साक्षात्कार लिया और पाया कि मोदी के लिए, पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव 2024 के आम चुनावों का पूर्वाभ्यास था जब 94 करोड़ से अधिक मतदाता चुनाव में भाग लेंगे। यदि मोदी लगातार तीसरा कार्यकाल हासिल करते हैं, तो यह उनके कई वफादार अनुयायियों के लिए उनका अनुमोदन होगा जिनके अनुसार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, भारत की अर्थव्यवस्था फली-फूली है, इसकी अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा बढ़ी है और लाखों लोगों के जीवन में उल्लेखनीय सुधार हुए हैं।

वे हिंदू धर्म को सार्वजनिक चर्चा में सबसे आगे रखने का श्रेय भी मोदी को देते हैं। परन्तु यह सब सहज नहीं है। मोदी का मुख्य विपक्षी गांधी परिवार के नेतृत्व वाली भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक नामक विपक्षी गठबंधन है, जिसने मोदी को हटाने और लोकतंत्र और संविधान की रक्षा करने का वायदा किया है।

कांग्रेस के संस्थापकों द्वारा स्थापित धर्मनिरपेक्ष सिद्धांत खतरे में है। मोदी के एक दशक पुराने शासन पर राजनीतिक विरोधियों को दबाने, नागरिक समाज को प्रतिबंधित करने और मुसलमानों को हाशिये पर रखने का आरोप लगाया गया है। आलोचकों को डर है कि मोदी का तीसरा कार्यकाल, विशेष रूप से यदि एक महत्वपूर्ण बहुमत के साथ आया, तो भारत के धर्मनिरपेक्ष चरित्र को अपरिवर्तनीय रूप से कमजोर कर देगा। वह भारत को हिंदू राष्ट्र के रूप में स्थापित करने के लिए संविधान में संशोधन भी कर सकते हैं। लोकतांत्रिक गिरावट के आरोपों, जिनसे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इनकार करती है, ने भारत और विदेशों में चिंताएं बढ़ा दी हैं और यह तब हुआ है जब दुनिया भर के नेता आगे का रास्ता दिखाने के लिए भारत पर भरोसा कर रहे हैं।

फाइनेंशियल टाइम्स को दिये अपने साक्षात्कार में मोदी ने भारत में मुस्लिम अल्पसंख्यक, अमेरिका और कनाडा के साथ तनाव और संविधान में बदलाव सहित विभिन्न सवालों के जवाब दिये। उन्होंने अपनी सरकार के आर्थिक और लोकतांत्रिक प्रदर्शन को लेकर आलोचनाओं को खारिज कर दिया।

मोदी और उनके समर्थकों का मानना है कि भारत के लोकतंत्र के बारे में चिंताएं निराधार हैं और भारत जो प्रगति कर रहा है वह उनकी दृष्टि से ओझल है। मोदी इस बात से सहमत हैं कि आलोचकों को अपनी राय और चिंताओं को व्यक्त करने का अधिकार है, लेकिन आरोपों के साथ बुनियादी समस्या यह है कि वे भारत के लोगों, मतदाताओं की बुनियादी बुद्धि पर सवाल उठाते हैं।

मोदी ने संविधान बदलने की किसी भी बात को खारिज कर दिया। उनकी सरकार ने संविधान में संशोधन किये बिना महत्वपूर्ण बदलाव किये हैं और इसमें स्वच्छ भारत अभियान और डिजिटल बुनियादी ढांचे के माध्यम से लगभग 1 अरब लोगों को इंटरनेट से जोड़ने जैसी पहलें शामिल हैं

अगस्त 2023 में, भारत ने चंद्रमा पर अपने मानवरहित चंद्रयान-3 को सफलतापूर्वक उतारा। इसके तुरंत बाद, इसने जी 20 शिखर सम्मेलन आयोजित किया और दुनिया भर में भारत की प्रतिष्ठा को बढ़ाया। भारत ने डिजिटल विभाजन को पाटने और जलवायु-प्रतिरोधी बाजरा के विकास जैसे विभिन्न प्रयासों में खुद को 'विश्वगुरु' के रूप में स्थापित किया है। भारत ने 'वॉयस ऑफ द ग्लोबल साउथ' नामक एक शिखर सम्मेलन का भी आयोजन किया और अफ्रीकी संघ को जी 20 के स्थायी सदस्य के रूप में सफलतापूर्वक शामिल किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ अपनी दोस्ती को मजबूत किया और मोदी ने राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ भी अपने रिश्ते को मजबूत किया।

# लाल सागर में हूती विद्रोही संकट-भारत अमेरिका सहित दुनियां का अरबों डॉलर का व्यापार खतरे में आया

**गोंदिया** - वैश्विक स्तरपर अनेक ऐसी घटनाएं होती है जिनका असर न केवल पूरी दुनियां के देशों और उनकी अर्थव्यवस्था पर पड़ता है, बल्कि वहां के एक आम नागरिक पर भी पड़ता है।मसलन पिछले करीब 2 वर्षों से चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध से पेट्रोलियम व अन्य पदार्थों का असर आम नागरिकों पर पढ़ते दिखाई दिया है। परंतु अब फिर इसराइल-हमास युद्ध के चलते हूती विद्रोहियों द्वारा लाल सागर में भारत अमेरिका सहित अनेक देशों के वाणिज्य समुद्री जहाज पर ड्रोन से हमला कर तबाही मचाई जा रही है, जहां एक ओर सरकारी या निजी भरपूर नुकसान हो रहा है तो वहीं दूसरी ओर अनेक शिपिंग कंपनियों ने लाल सागर से जाना बंद कर, लंबी फेरी लगाकर घूम कर आने के लिए बाध्य हो रहे हैं, जिसकी लॉजिस्टिक कास्ट बहुत हाई हो रही है जिससे खाद्य व पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि होने और हर देश की अर्थव्यवस्था पर भारी संकट खड़ा होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि हूती विद्रोहियों द्वारा जारी हमले के कारण लाल सागर मार्ग से कारोबार करने वाली दुनियां की कई बड़ी शिपिंग फार्मो ने इस मार्ग पर अपने कारोबार रोक दिए हैं जिसके कारण पूरी दुनियां में यह पांच प्रभाव हो रहे हैं।(1) महंगाई बढ़ सकती है।(2) क्रूड ऑयल के दाम बढ़ रहे हैं। (3) ग्लोबल लेवल पर उथल-पुथल मच सकती है।(4) भारत के कोल इंपोर्टेड पर फर्क नहीं पड़ने की संभावना है। (5) अमेरिका ने हूती हमले का जवाब देने के लिए 20 देशों का गठबंधन बनाया है। चूंकि हूती विद्रोहियों ने भारत अमेरिका सहित पूरी दुनियां की टेंशन बड़ाई है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, वैश्विक महंगाई व उथल पुथल रोकने तथा आपूर्ति श्रृंखला को बाधा पहुंचाने वाले हूती विद्रोहियों पर नकेल कसना समय की मांग है।

साथियों बात अगर हम हूती विद्रोहियों द्वारा लाल सागर समुद्री जहाज पर ड्रोन से हमला करने की करें तो ईरान का समर्थन करने वाले हूती विद्रोहियों द्वारा यमन के बहुत बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया है जिसमें लाल सागर से जुड़ा पश्चिमी तट भी शामिल है। यहां से हूती विद्रोही हमास के समर्थन में हमले कर रहे हैं। हमले की जद में इजरायल के जहाजों सहित अमेरिका भारत सहित कुछ देशों के जहाज लपेटे में आ रहे हैं। दक्षिणी लाल सागर में एक ही दिन दो बड़े कारोबारी जहाजों पर ताबड़तोड़ ड्रोन अटैक करने के बाद हूती ने भारत और अमेरिका समेत दुनिया के कई देशों की टेंशन बढ़ा दी है। यूएस सेंट्रल कमांड ने 23 दिसंबर को एक बयान में कहा कि ईराम समर्थित हूती के कब्जे वाले यमन के क्षेत्रों से दक्षिणी लाल सागर में अंतरराष्ट्रीय शिप लेन में दो बैलिस्टिक मिसाइल दागी गईं। उसके बाद ड्रोन अटैक किया गया। हालांकि, इन हमलों से किसी भी जहाज के अधिक प्रभावित होने की सूचना नहीं है। यूएस आर्मी का कहना है कि 17 अक्तूबर के बाद अब तक हूती की तरफ से किसी कमर्शियल जहाज पर हमले की 15वीं घटना है।हूती आतंकियों ने लाल सागर और हिंद महासागर को जोड़ती बाब-अल मंदाब की खाड़ी में इंटरनेशनल और कमर्शियल जहाजों को निशाना बनाया है। दक्षिण लाल सागर का यह हिस्सा कंटेनर, कार्गो और पैसेंजर शिप्स के लिए सबसे बेहतर रूट माना जाता है। भारत और यूरोप के बीच समुद्री व्यापार के लिए भी सबसे मुफीद रूट है।बाब-अल-मंदाब एक अरबी शब्द है। इसका मतलब आंसू का द्वार होता है। लाल सागर और स्वेज नहर के जरिए भूमध्य सागर और हिंद महासागर को जोड़ने वाला समुद्री व्यापार मार्ग अरेबियन पेनिनसुला को अफ्रीका से अलग करती है। इसके बंद होने से यूरोप की ओर जाने वाले मालवाहक जहाजों को अफ्रीका के निचले सिरे पर स्थित केप ऑफ गुड होप होते हुए सफर करना होगा। भारत समेत पूरे एशिया के समुद्री व्यापार पर इसका बुरा असर होगा।

# अटलजी बहुत याद आते हैं

**-बलबीर पुंज**

आगामी 25 दिसंबर का देश-दुनिया में बहुत ही महत्व है। इस दिन अर्थात चार दिन बाद दुनियाभर (भारत सहित) करोड़ों ईसाई आगामी अपने आराध्य ईसा मसीह का जन्मदिवस हर बार की तरह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाएंगे। यीशु के असंख्य श्रद्धालुओं को इस बात से रत्तीभर भी फर्क नहीं पड़ता कि यह दिन एक पोप की कोरी-कल्पना पर आधारित है, जिसका उल्लेख बाइबल तक में नहीं है। उनके लिए अपने इष्ट द्वारा प्रदत्त 10 आज्ञाओं की अनुपालना, उनका विनम्र व्यक्तित्व और विनयशील जीवन ही महत्व रखता है। यह संयोग ही है कि इसी दिन वर्ष 1924 में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, जननायक और कुशल राजनीतिज्ञ दिवंगत अटल बिहारी वाजपेयी का भी जन्म हुआ था। इस बार उनकी 99वीं जयंती मनाई जाएगी। वर्ष 2014 से भाजपा शासित राज्य सरकार इस दिन को सुशासन दिवस के रूप में मना रहे है।

अटलजी से मेरा निजी परिचय 1980 के दशक में हुआ था। वे न केवल आयु में मुझसे लगभग 25 वर्ष बड़े थे, अपितु जीवन के कई आयामों में श्रेष्ठ भी थे। जहां अटलजी असाधारण बौद्धिक क्षमता, ऊंचा राजनीतिक व्यक्तित्व और प्रखर वक्ता आदि गुणों से धनी थे, तब मैं उस कालखंड में दिल्ली स्थित एक प्रतिष्ठित अंग्रेजी दैनिक का साधारण पत्रकार हुआ करता था। इतने भारी अंतर के होने बाद भी वे अपने स्वभाव के अनुरूप मुझसे मित्रवत और स्नेहपूर्ण व्यवहार रखते थे। अटलजी के संस्मरण भर से उनके द्वारा मुझे कही एक-एक बात, उनके साथ बीते विनोदपूर्ण क्षण, उनमुक्त हंसी-ठहाके, व्यंग्यों से लिपटी उनकी चुटीली टिप्पणियां, उनके सरल आदर्श परंतु गरिमामय व्यवहार— मेरे मन-मस्तिष्क में एकाएक जीवंत हो उठते है। अटलजी से जुड़े कुछ ऐसे पहलु और घटनाएं है, जो या तो उजागर ही नहीं हुए या फिर बहुत कम लोगों को उसकी जानकारी है। उन सीमित लोगों की सूची में मैं भी एक हूं। उन्हीं में से कुछ स्मरणार्थ क्षणों को मैं अपर्याप्त शब्दों में पिरोने का प्रयास कर रहा हूं।

जब मुझे उनके साथ यात्रा करने का अवसर मिलता, तब अनुज होने नाते मैं अक्सर सूटकेस आदि सामानों से भरी ट्रॉली को खींचा करता था। तब अटलजी ने तय किया था कि कोई अकेला बोझा नहीं उठाएगा, यात्रा के समय दोनों बारी-बारी ऐसा किया करेंगे। जब अटलजी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने, तब 12 नवंबर 2001 को एक प्रतिष्ठित अंग्रेजी पत्रिका ने उनसे संबंधित आलेख प्रकाशित किया था। पत्रिका ने अपने उस आलेख के साथ जिस वर्षों पुरानी फाइल छायाचित्र का उपयोग किया था, उसमें अटलजी एयरपोर्ट पर बैगों से भरी ट्रॉली को खींचते हुए नजर आ रहे थे, जबकि मैं उनके बगल में खड़ा था।

# अटल ने 24 दलों को मिलाकर चलाई थी पांच साल सरकार: शुक्ला

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा जिला कार्यालय में भारत रत्न/पूर्व प्रधानमंत्री पं अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती जिलाध्यक्ष लवकुश चतुवेर्दी की अध्यक्षता में मनाई गई। सोमवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री पं अटल बिहारी वाजपेयी जयंती पर बतौर मुख्य अतिथि कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के किसान मोर्चा क्षेत्रीय अध्यक्ष बालमुकुंद शुक्ला ने कहा कि अटल जी एक राजनीतिज्ञ के साथ कवि भी थे। राजनीति के साथ राष्ट्र के प्रति उनकी संवेदनशीलता दिखती रही है। आरएसएस के प्रचारक तौर पर आजीवन अविवाहित रहकर काम किया।



पूर्व प्रधानमंत्री पं अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती मनाते भाजपाई।

चार दशको तक भारतीय संसद के सदस्य रहे। बाजपेयी जी राजग गठबंधन के पहले प्रधानमंत्री बने। गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री के बतौर पहले प्रधानमंत्री के रुप में पांच साल पूरे किये। 24 दलो को मिलाकर पांच साल तक सरकार चलायी।

जिलाध्यक्ष लवकुश चतुवेर्दी ने गोष्ठी में कहा कि 25 दिसम्बर 1924 को जन्मे अटल विहारी बाजपेयी भारत के तीन बार प्रधानमंत्री रहे। वे हिन्दी कवि, पत्रकार व प्रखर वक्ता थे। अटल जी भारतीय जनसंघ के सस्थापकों मे से एक थे। 1968 से 1973 तक अध्यक्ष भी रहे। गोष्ठी का संचालन महामंत्री अश्वनी अवस्थी ने किया। गोष्ठी में पूर्व सांसद रमेश चन्द्र द्विवेदी ने कहा कि अटल जी राजनीति के भीष्म पितामह के रूप मे जाने जाते है।

पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा ने कहा कि अटल जी केवल भाजपा नेता नहीं थे, वह देश के नेता के रूप मे जाने जाते हैं। नगर पालिका चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि अटल जी के पद चिन्हों पर चल कर पार्टी को आगे बढाने का काम करना है। डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने कहा कि अटल जी कर्मयोगी नेता के रूप में जाने जाते हैं। गोष्ठी में पूर्व विधायक आनन्द शुक्ला, पूर्व राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी, तीरथ तिवारी, आलोक पांडे, राजेश जयसवाल, बृजेश पांडे, हीरो मिश्रा, मोहित मिश्रा, महेन्द्र कोटार्य, धीरेन्द्र सेगर, रवि गुप्ता, दिव्या त्रिपाठी, बृजेन्द्र शुक्ला, विनीता द्विवेदी, प्रेमलाल बाल्मीक, सुमित मिश्रा, दिनेश पटेल, श्रवण पटेल, अर्चना सिंह, आभेष मिश्रा, सच्चिदानद गर्ग, दीपक द्विवेदी, राखी चैबे, राजेश्वरी द्विवेदी, ममता सिह, विजय चन्द्र गुप्ता, भागवत त्रिपाठी, ब्लाक प्रमुख सुशील द्विवेदी, जगदीश गौतम व जय प्रकाश पांडे आदि मौजूद रहे।

# गैस सिलेंडर में भेदभाव को लेकर किया प्रदर्शन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे के मुख्यमंत्री आवास व गैस सिलेंडर देने की सरकार की योजना में भेदभाव करने को लेकर जनवादी महिला समिति ने प्रदर्शन कर सूबे के मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा।

सोमवार को जनवादी महिला समिति की जिलाध्यक्ष का पूनम ने कहा कि गैस सिलेंडर वितरण केन्द्र पहाड़ी में सर्वर न होने का बहाना बनाकर दिन भर महिलाओं को बैठाया जाता है। अन्त में बिना पंजीकरण के महिलाओं को लौटा दिया जाता है। मुफ्त गैस सिलेंडर देने के नाम पर योजना चलाने का




प्रदर्शन करती महिलायें।

ढिंढोरा पीटा जाता है, एक हजार रुपए से ज्यादा लेकर गैस सिलेंडर दिया जाता है। कहा जाता है कि बाद में रूपया रिफंड होगा। मुख्यमंत्री आवास योजना में भी भेदभाव होता है। कई पात्र महिलाओं को मुख्यमंत्री आवास से वंचित किया है। इसी तरह खराब हैंडपंपों को सुधारा नहीं जा रहा, ताकि गरीब-मजदूर महिलाओं को पीने के पानी की समस्या बनी रहे। प्रदर्शन में अभिलाषा, लालमनी, काजल, रानी, दीपा, सुनैना, मैना, शिवकली, हीरामनी, शंकरिया, दुलरिया, छोटकी, लक्षमनिया आदि ने हिस्सा लिया।

# सरकार भूल गई बुन्देलखण्ड राज्य बनाने का वायदा: टिकैत

## देश को बचायेगा आंदोलन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि बुन्देलखण्ड को अलग राज्य बनाने का वायदा करने के बाद भी सरकार भूल गई है। बुन्देलखण्ड के खनिज में किसानों को हिस्सेदारी देनी चाहिए। देश को राजनीतिक व्यवस्था नहीं बचायेगी। किसान, नौजवान व आंदोलनकारी ही बचायेंगे।

सोमवार को जिला मुख्यालय के पटेल तिराहा पर भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। चित्रकूट व झांसी मंडल के किसानों की रैली में शामिल होने को प्रयागराज से बांदा जाते समय पदाधिकारियों ने स्वागत किया।



पत्रकारों से बात करते राकेश टिकैत।

कृषि विभाग के सभागार में पत्रकारों से रुबरु हुए। सरकारी नीतियों की आलोचना कर कहा कि बुंदेलखंड में किसानों की जमीनों का अधिग्रहण हो रहा है। कम रेट में किसानों की जमीनें ली जा रही है। 2012 से सर्किल रेट नहीं बढ़ाए गए। सस्ते में फसलें खरीदी जा रही हैं। दिल्ली आंदोलन के बाद भी एमएसपी कानून नहीं बना। किसान को सब्जी-अनाज का सही दाम मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हिमांचल प्रदेश की तर्ज पर फारेन टूरिज्म पालिसी लागू की जा रही है। पर्यटक तो बहुत आयेंगे, स्थानीय लोगों को लाभ नहीं मिलेगा। बड़े होटल बनाकर दिल्ली आदि शहरों के लोग लाभ लेंगे। जिस देश का राजा चाहता हो देश की जनता गरीब हो, तो भला कैसे होगा। देश का राजा चाहता है किसानों के पास जमीन न रहे। अन्ना प्रथा से किसान खेती से विमुख होगा, वह जमीन बेचने को मजबूर होगा। किसान सम्मान निधि योजना पर तंज कसते हुए कहा कि सरकार सम्मान निधि देती है तो ऐसे बताती है, जैसे डालर दे रही हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जिस देश का राजा ज्योतिषी हो जाए, उसका क्या होगा। चुनाव से पहले ही सीट जीतने की घोषणा कर दी जाती है। जब ज्योतिषी बेईमान हो जाएगा तो राज्य कैसे चलेगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राम सिंह राही, अरुण कुमार पाण्डेय, तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, उदयनारायण सिंह, शिवदयाल सिंह बघेल, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

# बनारस ने ललितपुर को 17 रनों से हराया

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म स्मृति पर सुभाष चैलेंज कप अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टूनामेंट का शुभारम्भ पूल ए का पहला लीग मुकाबला ललितपुर व बनारस के बीच हुआ। ललितपुर ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग की। बनारस टीम ने बल्लेबाजी करते हुए 113 रन 17.3 ओवर पर ऑल आउट हो गई।

सोमवार को बनारस से आयुष ने 26 रन, अमन ने 23 रन बनाये। ललितपुर के गेंदबाज मोंटू ने तीन रन देकर तीन विकेट लिए। शिवम ने 33 रन देकर तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ललितपुर टीम 96 रन में ऑल आउट हो गई। बनारस से गेंजबाजी करते हुऐ कृष्ण मुरारी ने दस रन देकर चार विकेट लिए। ललितपुर के बल्लेबाजों ने खास प्रदर्शन नहीं किया। ललितपुर कप्तान ने 35 रन की पारी खेली। बनारस ने 17 रनो से मुकाबला अपने नाम किया। मैच का शुभारम्भ भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे ने बतौर मुख्य अतिथि किया। विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता,



मुख्य अतिथि का स्वागत करते आयोजक।

सदर विधायक अनिल प्रधान, सपा पूर्व जिलाध्यक्ष अनुज यादव, कोआपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल रहे। मैच में सीताराम, अफजल अली, गोलू गुप्ता, शहजादे, अनिल, अंपायर हैदर जहान, प्रेम नारायण बाउवा, स्कोरर विजय भारद्वाज, सौरभ नाहर, मीडिया प्रभारी दीपक मिश्रा, राकेश मिश्रा, इरफान खान, शमसुद्दीन खान, लोकेश अहिरवार, कमलेश, रामचंद्र कुरील, लल्लू रैकवार, आनंद, ऋषि यादव, करन पटेल, रानू, हिमांशु नाहर, अनुराग आदि मौजूद रहे।

# हरा-सूखा गांजा समेत एक दबोचा

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्र चन्द्र पाण्डेय की अगुवाई में दरोगा प्रदीप कुमार की टीम ने फूलचंद प्रजापति पुत्र स्व चुन्ना निवासी बटखरा का चार सौ ग्राम गांजा व 15 किलो हरे गांजा समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा प्रदीप कुमार, दरोगा अरविंद कुमार सिंह, सिपाही नंदलाल, राजमंगल, तिलक राज व महिला सिपाही निधी सेंगर शामिल रही।

# अवैध शराब: अभियान में 44 स्थानों पर हुई छापेमारी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** क्रिसमस व नववर्ष के मद्देनजर जिले में अवैध शराब निर्माण, बिक्री, तस्करी व अवैध स्प्रिट एल्कोहल पर अंकुश लगाने को अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज व पुलिस उपमहानिरीक्षक बांदा के निर्देश व पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला की देखरेख में चिन्हित 44 गांवों में छापेमारी कर 12 कुंतल लहन, छह भट्टियां नष्ट कर छह लोगों के कब्जे से 30 लीटर महुआ शराब व 80 क्वार्टर शराब बरामद की। सोमवार को अभियान के तहत पुलिस ने 12 कुंतल लहन व छह भट्टियां नष्ट कर छह लोगों के कब्जे से 30 लीटर महुआ शराब व 80 क्वार्टर शराब बरामद की। ये कार्यवाही जिले के सभी थाना क्षेत्रों के थानाध्यक्षों ने की है। कोतवाली कर्वी पुलिस ने उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है।

# आबकारी आयुक्त का आदेश है शर्मनाक: रुद्र

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** क्रिसमस व नव वर्ष की पूर्व संध्या पर शराब दुकानें रात 11 बजे तक खोलने के आबकारी विभाग के आदेश पर प्रतिक्रिया जताते हुए माकपा के जिला सचिव का रूद्र प्रसाद मिश्र एड ने कहा कि यूपी के आबकारी आयुक्त का आदेश शर्मनाक व निंदनीय है।

सोमवार को का रुद्र प्रसाद मिश्र ने कहा कि क्रिसमस व अंग्रेजी नववर्ष की पूर्व संध्या पर रात 11 बजे तक शराब दुकानें खोले रखने के आदेश के मायने



माकपा जिला सचिव रुद्र प्रसाद मिश्र।

हैं कि प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा युवाओं को क्रिसमस व न्यू ईयर पर शराब पिलाई जाये, ताकि नौजवान नशे में चूर रहें और सरकार की अर्थव्यवस्था मजबूत हो सके।उन्होंने कहा कि यूपी के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश को नशामुक्त प्रदेश बनाने का संकल्प ले चुके हैं। योगीराज ने खुद लखनऊ के बाबू केडी सिंह स्टेडियम में युवाओं को आजीवन नशामुक्त रहने की शपथ दिलाई थी। प्रदेश के नौजवानों का दुर्भाग्य है कि उन्हें समाज में शिक्षा से वंचित करने वाले आदेश जारी किए जा रहे हैं। दूसरी ओर आबकारी विभाग ज्यादा राजस्व अर्जित करने को रात 11 बजे तक शराब बिकवाने का आदेश जारी कर रहा है।

# अवैध कब्जाधारकों के एचआरए लेने की हो बारीकी से जांच

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पेशवाकालीन इमारत के अवैध कब्जाधारकों में तमाम लोग शिक्षक, दरोगा व चपरासी तथा वाहन चालक आदि रहते थे। इनका कहीं न कहीं हाउस रेंट एलाउंस कटता रहा होगा। इसकी बारीकी से जांच की जरूरत है, ताकि इनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही हो सके।

पेशवाकालीन इमारत में लम्बे समय तक अवैध कब्जाकर तमाम सरकारी कर्मचारी रहते थे। ऐसे लोगों ने वहां पक्के मकान भी बना रखे थे। इन सब लोगों की गम्भीरता से जांच की जाये तो सरकार से एचआरए लेने वाले लोगों का खुलासा हो सकता है। ऐसे लोगों ने तकरीबन करोडों रुपये एचआरए के नाम पर सरकार से लिए हैं। इन सभी लोगों की बारीकी से जांच कराकर एचआरए की वसूली की जाये।

सरकार ने चित्रकूट को सम्भवतः सी क्लास सिटी घोषित कर रखा है। ऐसे में हाउस रेंट एलाउंस लेने वाले शिक्षक, प्रवक्ता, दरोगा, वाहन चालक व चपरासी आदि का तकरीबन 25 से पचास साल का करोडों रुपये एचआरए

## पेशवाकालीन इमारत का मामला

होता है। ये सरकार से एचआरए भी लेते रहे और अवैध ढंग से पेशवाकालीन इमारत में रहते भी रहे। जिसका कोई किराया ये लोग किसी को नहीं अदा करते थे। इन सबकी गम्भीरता से सरकार के नुमाइन्दे जांच करायें व ऐसे लोगों से एचआरए के नाम पर ली जा रही धनराशि की वसूली करायें तो सरकार को भारी राजस्व की प्राप्ति हो सकती है। काम तो कठिन है, लेकिन असम्भव कुछ भी नहीं है। पेशवाकालीन इमारत में अवैध ढंग से काबिज लोगों को भू-माफिया के बतौर भी चिन्हित कर कडी कार्यवाही की जाये, ताकि भविष्य में कोई सरकारी कर्मचारी अवैध ढंग से किसी इमारत में कब्जा न कर सकें। अवैध कब्जेधारकों को सबक सिखाना नितान्त जरूरी है, क्योंकि ये लोग अभी भी पेशवाकालीन इमारत से बेदखल होने के बाद भी वहां का मोह नहीं छोड पा रहे। शहर के बीचोबीच क्रीम जगह में पेशवाकालीन इमारत स्थित होने से ये वहां के अवैध कब्जे को आज भी बरकरार रखने के हामीदार हैं। इसीलिए अवैध कब्जेधारक यहां से लेकर हाईकोर्ट तक अभी भी अवैध कब्जा बरकरार रखने को प्रयत्नशील हैं। इन पर जब तक जिला प्रशासन सख्ती से शिकंजा नहीं कसेगा, तब तक ये लोग सुधरने वाले नहीं है।

# आबकारी टीम ने पकडी 18 लीटर शराब

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** आबकारी आयुक्त के आदेश पर प्रवर्तन अभियान के तहत जिलाधिकारी के निर्देश पर आबकारी विभाग ने कोतवाली कर्वी के तरौंहा, छिपटहरी व कुली तलैया में दबिश देकर 18 लीटर महुआ शराब बरामद की। पांच सौ किग्रा लहन नष्ट किया। नियमानुसार कार्यवाही की गई।

# खेत सिंह खंगार की निकली भव्य शोभायात्रा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव व जिला सचिव सुरेंद्र सिंह खंगार की अगुवाई में महाराजा खेत सिंह खंगार की 883वीं जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में हाथी-घोडा समेत हजारों खंगार समाज के लोगों ने शिरकत की।

सोमवार को महाराजा खेत सिंह खंगार की 883वीं जयंती पर सपाइयों ने शम्भू बाबू पेट्रोल पंप से पुरानी कोतवाली परिसर तक शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में



शोभायात्रा में शिरकत करते विधायक आदि।

खंगार समाज के युवक नाचते-गाते हुए पुरानी कोतवाली तक पहुंचे। खंगार समाज की यात्रा की झांकी हाथी-घोड़ा समेत हजारों खंगार समाज के महिला-पुरुष व बच्चियां शामिल रहीं। ये शोभायात्रा पुरानी कोतवाली परिसर में सभा में बदल गई।

सभा में महाराजा खेत सिंह खंगार के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस मौके पर सपा विधायक अनिल प्रधान, सपा जिलाध्यक्ष शिव शंकर सिंह यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव, निर्भय सिंह पटेल, नरेंद्र यादव, मो गुलाब खान, सीताराम कश्यप, सीताराम गुप्ता, उमाकांत यादव, निजाम सिद्दीकी, अरशद खान, रामसनेही खंगार समेत सैकड़ों सपाई मौजूद रहे। सभा स्थल में उरई से बुंदेलखंड अधिकार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित सिंह खंगार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य उरई उत्तम सिंह खंगार आदि ने शिरकत की।

# 135 वाहनों का चालान कर वसूले दो लाख पांच हजार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के दूसरे चरण में सीओ यातायात राजकमल की अगुवाई में यातायात पुलिस ने कर्वी शहर के विभिन्न स्थानों पर वाहनों की जांच की। तीन ट्रक को सीज कर 135 वाहनों से दो लाख पांच हजार रुपये ई-चालान किया।

सोमवार को सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के दूसरे चरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर सड़क सुरक्षा अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ यातायात राजकमल की अगुवाई में प्रभारी यातायात शैलेन्द्र सिंह की



वाहनों की जांच करते यातायात प्रभारी।

टीम ने शहर के विभिन्न स्थानों पर अवैध परिवहन के खिलाफ दोपहिया वाहनों में बिना हेलमेट, तीन सवारी व नाबालिगों के वाहन चलाने तथा चारपहिया वाहनों में बिना सीट बेल्ट, गलत नम्बर प्लेट की जांच की। जांच दौरान तीन ट्रकों को बिना रवन्ना में सीज किया। 135 वाहनों से दो लाख पांच हजार रुपये का ई-चालान किया। लोगों को इस दौरान यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। चेताया कि यातायात नियमों का पालन न करने पर चालान व जुमार्ना दोनों हो सकते हैं।

# दो दम्पतियों को पुलिस ने किया एक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर पुलिस कार्यालय में परिवार परामर्श केन्द्र ने दो दम्पतियों में सुलह कराकर परिवार को टूटने से बचाया। सोमवार को बस स्टैण्ड सीतापुर की निर्मला पत्नी अमरनाथ सोनकर व राजापुर थाने के सिकरी गांव की श्रीमती ऊषा देवी पत्नी संतोष कुमार ने पतियों के गाली- गलौज व मारपीट करने बाबत पुलिस अधीक्षक को पत्र सौंपा था। पुलिस अधीक्षक ने पत्र निस्तारण को प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को भेजा था। परामर्श केन्द्र प्रभारी दरोगा श्रीमती गुड्डी देवी व महिला सिपाही शिवांगनी श्रीवास्तव तथा सुरुचि चैधरी ने शिकायत को सुन-समझकर दूसरे पक्षों को परामर्श केंद्र बुलाया। दोनों पक्षों को भविष्य में विवाद न करने व पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने को कहा। आपसी सुलह होने पर दोनों दम्पत्ति ने एक-दूसरे के साथ तालमेल से रहने का भरोसा दिया।

# तीन वारंटी-एक वांछित दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

*चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने तीन वारंटी व एक वांछित को दबोचा है।*

*सोमवार को मानिकपुर थाने के दरोगा रामवीर सिंह व दरोगा रामेश्वर प्रसाद, सिपाही रोहित आर्या, शाकिर अली ने छेडछाड, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी तथा पॉक्सो एक्ट के वारंटी भूरा पुत्र दयाराम ऐलहा बढैया च छोटू पुत्र मेवालाल पुराना मानिकपुर को गिरफ्तार किया। इसी क्रम में मऊ थाने के दरोगा कृपानन्दन शर्मा ने सिपाही दीप प्रताप के साथ अपहरण के वांछित गोरेलाल पुत्र हीरा लाल रेडी भुसौली को गिरफ्तार किया।*

*चौकी प्रभारी शिवरामपुर सत्यमपति त्रिपाठी ने सिपाही अमित सिंह के साथ बलबा, सरकारी कार्य में दखल, पथराव के मामले के वारंटी चुनकावन पुत्र बाबू खान बगलई को गिरफ्तार किया।*

# 24 घंटे में पुलिस ने चोरी की बकरी समेत कार व महिला को दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ को जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय की देखरेख में थानाध्यक्ष बहिलपुरवा राम सिंह की अगुवाई में पुलिस ने बकरी चोरी की घटना का 24 घंटे में खुलासा कर बकरी चोरी करने वाली महिला को चोरी की तीन बकरियों व टाटा इंडिको कार समेत गिरफ्तार किया।

ज्ञात है कि 23 दिसम्बर को बहिलपुरवा थाने के कर्का पडरिया के जगप्रसाद पुत्र चुन्ना ने सूचना दी कि ओहन डाक बंगला के पास अज्ञात लोग टाटा इंडिको यूपी/



पुलिस गिरफ्त में बकरियां चुराने वाली महिला।

44यू-0232 से तीन बकरियां लादकर ले गये हैं। पुलिस ने मामला दर्जकर घटना के खुलासे की जिम्मेदारी दरोगा विजय बहादुर को सौंपी। दरोगा ने पुलिस टीम के साथ 24 घंटे के अन्दर सुरागरसी कर श्रीमती रीना देवी पत्नी सोनू निवासी पिंडारा मेहराज थाना मुसाफिरखाना जिला अमेठी को चोरी की बकरियों व घटना में प्रयुक्त टाटा इंडिको समेत गिरफ्तार किया। बकरियों की बरामदगी पर धारायें बढाई। टीम में दरोगा विजय बहादुर यादव, दरोगा नंदराम, महिला सिपाही गुड़िया, सिपाही शक्ति सिंह व होलिकेन्द्र शामिल रहे।

# तीन छात्रों को जीआरपी ने बेरहमी से पीटा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रेलवे स्टेशन में तीन छात्रों को पकडकर जीआरपी सिपाहियों ने बेरहमी से पीटा। परिजनों ने कर्वी कोतवाली में तहरीर दी है। जीआरपी थाना प्रभारी ने मारपीट से इंकार किया है।

सोमवार को जीआरपी सिपाहियों ने छात्रों के साथ मारपीट की घटना अंजाम दी। बताया गया कि मप्र के चित्रकूट क्षेत्र के छीर पुरवा के ओम नारायण कामतन में कक्षा नौ का छात्र है। रविवार को घर से बिना बताए चला आया था। चित्रकूट धाम कर्वी रेलवे स्टेशन में बैठा था। इस दौरान जीआरपी सिपाही उसे थाने ले गए। वहां ढूंढने पहुंचे ओमनारायण के चचेरे भाई ओम प्रकाश व चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी में पढने वाले मामा कक्षा 11 के छात्र धनराज जीआरपी थाने में जानकारी करने गये।

जीआरपी सिपाही से नोकझोंक हो गयी। छात्रों ने आरोप लगाया कि मौजूद सिपाहियों ने उन्हें बेरहमी से पीटा है। परिजनों के आने पर सोमवार को सभी लोग कर्वी कोतवाली पहुंचे। मामले की जानकारी दी। इस बाबत कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय ने बताया कि मामला जीआरपी का है। छात्रों को डॉक्टरी परीक्षण को भेजा गया है। इस बाबत जीआरपी थाना प्रभारी ने बताया कि रेलवे स्टेशन से लाकर तीन छात्रों को परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

## फुमियो किशिदा ने जापान की कंपनियों से वेतन वृद्धि का आह्वान किया




**टोक्यो।** जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने आज (सोमवार) यहां प्रमुख जापानी कंपनियों के शीर्ष प्रतिनिधियों की बैठक में अगले साल इस वर्ष की तुलना में कर्मचारियों के वेतन में अधिक वृद्धि करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था उबरने के चौराहे पर है। इसके लिए बिजनेस लॉबी को लेबर फ्रेंडली होना होगा। किशिदा ने कहा कि वह चाहते हैं कि आप सब सरकार के कदमों का समर्थन करें। उन्होंने अगले वर्ष लागू होने वाली निर्धारित कर कटौती के साथ प्रयोज्य आय के महत्व को भी रेखांकित किया। प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी श्रमिक संघों के साथ होने वाली सालाना बैठक से पहले आई है। उन्होंने कहा कि वेतन वृद्धि के मामले में जापान ने चालू कारोबारी वर्ष में लगभग तीन दशकों में सबसे अच्छा परिणाम देखा है। प्रमुख कंपनियों ने कर्मचारियों के वेतन में औसतन 3.99 प्रतिशत और छोटी कंपनियों ने 3 प्रतिशत की वृद्धि की। उन्होंने कहा कि सरकार और बैंक ऑफ जापान नागरिकों को मौजूदा जीवनयापन संकट से बाहर निकलने और देश को स्थिर मुद्रास्फीति हासिल करने में मदद करने के लिए वेतन वृद्धि को महत्वपूर्ण मानते हैं। इस बैठक का आयोजन जापान की सबसे शक्तिशाली बिजनेस लॉबी (किडानरेन) ने किया। जापान बिजनेस फेडरेशन के प्रमुख मासाकाजू टोकुरा ने प्रधानमंत्री को सहयोग का भरोसा दिलाया।

## हमास ने इजरायली खुफि या एजेंसी के लिए काम कर रहे फि लिस्तीनियों को किया गिरफ़्तार



**तेल अवीव।** हमास आतंकवादी समूह ने दावा किया है कि उन्होंने कुछ फिलिस्तीनियों को गिरफ्तार किया है, जो गाजा पट्टी में इजरायली खुफिया एजेंसी शिन बेट के लिए काम कर रहे थे और हमास के शीर्ष नेताओं के ठिकाने के बारे में जानकारी दे रहे थे।
हमास के अल-मजद आंतरिक सुरक्षा बल, जो कसम ब्रिगेड का हिस्सा है, ने दावा किया है कि उन्होंने उस जासूस को गिरफ्तार कर लिया है, जो इजराइल के लिए काम कर रहा था।
उसने कहा कि गिरफ्तार किए गए फिलिस्तीनियों में से एक ने स्वीकार किया है कि उसे शिन बेट द्वारा पूरी पट्टी में हमास नेताओं के घरों की निगरानी करने का काम सौंपा गया था।
इसके अलावा, यह दावा किया गया कि उन्हें क्षेत्र में हमास आतंकवादियों की किसी भी गतिविधि पर रिपोर्ट करने का आदेश दिया गया था।
हमास की खुफिया शाखा के अनुसार, संदिग्धों को इन संदिग्धों से डेटा और दस्तावेज मिलने के बाद गिरफ्तार किया गया, जिन्हें खतरनाक बताया गया था।

## क्रिसमस की धूम, पोप फ्रांसिल बोले- आज रात हमारे दिल बेथलहम में



**वेटिकन सिटी/नई दिल्ली।** दुनिया में आज क्रिसमस की धूम है। गिरजाघरों को सजाया गया है। चर्चों में प्रार्थना सभा हो रही हैं। क्रिसमस की पूर्व संध्या पर हुई प्रार्थना सभा में पोप फ्रांसिस ने वेटिकन सिटी में शांति के आह्वान का संदेश दिया। उन्होंने उदास स्वर में कहा, आज रात हमारे दिल बेथलहम में हैं। पोप फ्रांसिस इस दौरान इजराइल और हमास के बीछ छिड़े युद्ध से चिंतित दिखे।
पोप ने कहा-'आज रात, हमारे दिल बेथलहम में हैं। बेथलहम में युद्ध के निरर्थक तर्कों और हथियारों के टकराव से शांति के राजकुमार की आत्मा कराह रही है।' क्रिसमस की पूर्व संध्या पर भारत के सभी चर्च रंग-बिरंगी रोशनी में डूबे रहे। मुंबई के सेंट माइकल चर्च में मोमबत्ती जलाकर प्रार्थना सभा की गई। गोवा की राजधानी पणजी की सड़कें रंग-बिरंगी लाइटों से सजाई गईं। केरल के तिरुवनंतपुरम में भी ऐसा ही नजारा दिखा। देश के अन्य राज्यों के अलावा राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में गिरजाघरों में सुबह से लोगों का पहुंचना शुरू हो गया है।

## जापान में राजनीतिक चंदा घोटाले पर सत्तारूढ़ दल के नेताओं से पूछताछ



**टोक्यो।** जापान में राजनीतिक चंदा घोटाले की आंच सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के सबसे बड़े गुट तक पहुंच गई है। जापानी अभियोजकों ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय शिंजो आबे के करीबी नेताओं से पूछताछ की है।
जापान के प्रमुख अखबार जापान टुडे के अनुसार सोमवार को जापानी अभियोजकों ने इस घोटाले के संबंध में पूर्व शीर्ष सरकारी प्रवक्ता हिरोकाजु मात्सुनो व पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय शिंजो आबे के करीबी अन्य नेताओं से पूछताछ की है। इन सभी पर चंदे के रूप में जुटाई गई धनराशि में करोड़ों येन का घपला किये जाने का आरोप है। अखबार के अनुसार अभियोजकों ने गुट के अध्यक्ष रियू शियोनोया, पूर्व महासचिव त्सुयोशी ताकागी और हाउस ऑफ काउंसलर्स में पार्टी के पूर्व महासचिव हिरोशिगे सेको से भी पूछताछ की है। इसके बाद सत्तारूढ़ पार्टी विपक्ष के निशाने पर आ गई है। विपक्षी नेता अकीरा नागात्सुमा ने प्रमुख सत्तारूढ़ दल के नेताओं से पूछताछ को अभूतपूर्व बताया है।
अखबार ने सूत्रों के हवाले कहा है कि सत्तारूढ़ दल के मात्सुनो, ताकागी और सेको पर 2022 तक पांच वर्ष में 10 मिलियन येन से अधिक का घपला किया है। इस अवधि में लगभग 500 मिलियन येन की उगाही की गई। अभियोजक इन नेताओं के बैंक लेन-देन की भी जांच कर रहे हैं। अगर आरोप सिद्ध होता है तो इन नेताओं को पांच साल तक की कैद या दस लाख येन तक का जुर्माना हो सकता है। इस पूरे घटनाक्रम पर प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने टिप्पणी की है- 'सार्वजनिक अविश्वास पैदा करना बेहद अफसोसजनक है। मैं इसके लिए माफी मांगता हूं।' उन्होंने कहा है कि राजनीतिक स्थिरता के लिए सरकार विशिष्ट कदम उठाएगी।

## पाकिस्तान की हुकूमत पर आतंकवादी भारी, पूरे साल किया खूनखराबा



**इस्लामाबाद।** गुजरता साल पाकिस्तान को गहरे जख्म देते हुए तेजी के साथ नए साल की ओर बढ़ रहा है। पूरे साल आतंकवादी खूनखराबा करते रहे। अधिकांश आत्मघाती हमलों में सुरक्षाबल ही निशाने पर रहे। यह निष्कर्ष पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर कॉन्फ्लिक्ट ऐंड सिक्योरिटी स्टडीज (पीआईसीएसएस) का है।
पाकिस्तान के प्रमुख अखबार डान ने पीआईसीएसएस के आंकड़ों के हवाले से जारी रिपोर्ट में आतंकवादी घटनाओं का विश्लेषण किया है। डान के अनुसार 2023 में आत्मघाती हमलों चिंताजनक वृद्धि हुई है। 29 आत्मघाती हमलों में 329 लोगों की जान गई और 582 लोग घायल हुए। मृतकों में सुरक्षाबल के अफसर और जवानों का आंकड़ा 48 प्रतिशत है।
रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान करीब एक दशक से आतंकवाद का सामना कर रहा है। 2013 में 47 आत्मघाती बम विस्फोटों में 683 लोगों की जान चली गई थी। इस साल सबसे ज्यादा खूनखराबा खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हुआ। 23 बम विस्फोट हुए। इनमें 254 लोग मारे गए और 512 घायल हुए। फाटा में हुए 13 आत्मघाती हमलों में 85 लोग मारे गए और 206 घायल हुए। बलूचिस्तान को पांच हमलों का सामना करना पड़ा।
इनमें 67 लोग मारे गए। सिंध में एक आत्मघाती हमला हुआ। इस हमले में आठ लोगों की जान गई। पीआईसीएसएस का कहना है कि आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों को निशाना बनाकर ज्यादातर हमले किए। पिछले साल आतंकवादियों के 15 हमलों में 101जवानों की जान गई।

## बांग्लादेश में आम चुनाव की गहमागहमी के बीच उपद्रवियों ने सरकारी बस फूंकी



**ढाका।** बांग्लादेश में आम चुनाव की गहमागहमी के बीच उपद्रवियों ने आधी रात बाद एक सरकारी बस को फूंक दिया।
बांग्लादेश के अखबार ढाका ट्रिब्यून के अनुसार उपद्रवियों ने सोमवार अहले सुबह नारायणगंज अंतर्गत सिद्धिरगंज के साइनबोर्ड इलाके में अनाबिल परिवहन की एक बस को आग के हवाले कर दिया। अग्निशमन सेवा और नागरिक सुरक्षा मुख्यालय (मीडिया सेल) के गोदाम निरीक्षक अनवारुल इस्लाम ने बताया कि आग बुझा दी गई है।
अखबार के अनुसार बांग्लादेश में आम चुनाव का प्रचार जोर पकड़ रहा है। इस दौरान राजनीतिक दल एक-दूसरे के वाहनों को आग लगाकर क्षतिग्रस्त कर रहे हैं। सरकार विरोधी आंदोलन के हिस्से के रूप में की गई हड़ताल और नाकाबंदी सहित 58 दिनों के राजनीतिक कार्यक्रमों के दौरान बांग्लादेश में लगभग 289 स्थानों पर आग लगाई गई। इस दौरान 285 वाहनों को निशाना बनाया गया। इनमें 180 बसें और 45 ट्रक शामिल हैं।

## क्रिसमस डिनर के बाद फ्रांस में एयरबस अटलांटिक के 700 से अधिक कर्मचारी हुए बीमार

**लंदन।** क्रिसमस पर रात्रिभोज के बाद फ्रांस में एयरबस अटलांटिक के 700 से अधिक कर्मचारी बीमार पड़ गए हैं। स्वास्थ्य अधिकारी खाने में फूड प्वाइजनिंग के कारण का पता नहीं लगा पाए हैं। रविवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। 14 दिसंबर के रात्रिभोज के बाद बीमार हुए लोगों में पश्चिमी फ्रांस में विमानन निमार्ता कंपनी की साइट के कर्मचारी शामिल थे। उनमें उल्टी और दस्त से की शिकायत मिली थी। रात्रिभोज में कौन सा भोजन दिया गया, जिसने लोगों को बीमार कर दिया। उत्सव की दावत 14 दिसंबर को मोन्टोइर-डी-ब्रेटेन के एक रेस्टोरेंट में आयोजित की गई थी और रात के खाने के लगभग 24 से 48 घंटे बाद कर्मचारी बीमार हो गए। प्रभावित कर्मचारी ने कहा कि मुझे जैसा पेटदर्द और सिरदर्द था, वैसा पहले कभी नहीं हुआ था। यह दर्द प्रसव पीड़ा से भी बदतर था। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, रात्रिभोज के आइटम में लॉबस्टर, स्कैलप्स, गॉन गार्स और टूरनेडोस, हेजलनट चॉकलेट मूस और आइसक्रीम लॉग्स के डेसर्ट शामिल थे। हालांकि, एयरबस ने बीबीसी को बताया कि लगभग 100 लोग ही बीमार हुए थे। एयरबस कंपनी ने एक बयान में कहा कि वह बीमारी के कारण की पहचान करने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि भविष्य में ऐसा दोबारा न हो, एआरएस के साथ सहयोग कर रहा है।

## अमेरिका की ओर से कोई दबाव नहीं, इजरायल एक संप्रभु राष्ट्र : नेतन्याहू



**तेल अवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि उनका देश एक संप्रभु राष्ट्र है और गाजा पट्टी में चल रहे युद्ध में अमेरिका का कोई दबाव नहीं था।
नेतन्याहू ने यह बात उन रिपोर्टों का जवाब देते हुए कही, जिसमें दावा किया गया था कि अमेरिका इजराइल को अभियान चलाने से रोक रहा है। नेतन्याहू ने एक बयान में कहा, "ऐसी खबरें आई हैं कि अमेरिका ने हमें क्षेत्र में अभियान चलाने से रोका है, जो सच नहीं है। इजरायल एक संप्रभु देश है। युद्ध पर हमारे फैसले इस पर आधारित हैं। हमारे परिचालन संबंधी विचार, न कि बाहरी दबाव। उन्होंने यह भी कहा कि लड़ने के अलावा कोई चारा नहीं है।"
नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से बात की है और उन्हें बताया है कि इजरायल जीत तक पहुंचने तक युद्ध जारी रखेगा। प्रधानमंत्री ने रविवार को इजरायली कैबिनेट को संबोधित करते हुए कहा कि "यह एक मुश्किल शनिवार के बाद एक मुश्किल सुबह थी, जिसमें गाजा में 14 आईडीएफ सैनिकों की मौत देखी गई।"
नेतन्याहू की विपक्षी पार्टी के सदस्य यह कहते हुए उनकी आलोचना कर रहे हैं कि मौजूदा इजरायली सरकार अमेरिकी आदेश के अनुसार काम कर रही है।
इस बीच, नेतन्याहू ने गाजा पर संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव में इजरायल का समर्थन करने के लिए अमेरिका और राष्ट्रपति जो बाइडेन को भी धन्यवाद दिया।

## संयुक्त राष्ट्र बाढ़, भूस्खलन से निपटने के लिए तंजानिया के साथ मिलकर कर रहा काम

**दार अस सलाम।** संयुक्त राष्ट्र (यूएन) तंजानिया सरकार के साथ मिलकर भूस्खलन और बाढ़ के बाद हालात सुधारने के लिए काम कर रहा है। प्राकृतिक आपदा के दौरान मन्यारा क्षेत्र के हनांग जिले में कम से कम 89 लोग मारे गए और 5,600 से अधिक लोग बेघर हो गए।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## रावलपिंडी में रिफाइनरी में लगी आग, एक घर तक पहुंची लपटें



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रावलपिंडी शहर से लगे धमियाल गांव में सोमवार को एक तेल रिफाइनरी की पाइप लाइन फटने से आग लग गई। आग की लपटों ने एक घर को अपनी चपेट में ले लिया।
आग बुझाने के लिए तीन दमकल गाड़ियों सहित छह आपातकालीन वाहन पहुंचे। सबसे पहले लोगों को घरों से सुरक्षित निकाला गया। दमकल विभाग का कहना है कि आग बुझाने की कोशिश की जा रही है। पाइप लाइन में तेल की आपूर्ति बंद करा दी गई है। इलाके में पुलिस की अतिरिक्त टुकड़ी बुलाई गई है।

## भारत का झंडा लगे जहाज पर ड्रोन से हमला, लाल सागर में कच्चा तेल लेकर जा रहा था जहाज

**वांशिगटन।** अमेरिका सेना ने लाल सागर में भारत का झंडा लगे जहाज पर ड्रोन से हमले का बड़ा दावा किया है। अमेरिकी सेना के अनुसार इस जहाज पर यमन के हूती विद्रोहियों द्वारा निशाना बनाया गया था।
यूएस सेंट्रल कमांड ने एक्स पर कहा कि गैबॉन के स्वामित्व वाले टैंकर एमवी साईबाबा ने किसी के हताहत होने की सूचना नहीं दी, लेकिन क्षेत्र में एक अमेरिकी युद्धपोत को इमरजेंसी कॉल भेजा गया है। यह हमला एक और टैंकर पर हमले के एक दिन बाद हुआ, जिसका आरोप अमेरिका ने ईरान पर लगाया था।
दरअसल, दो जहाजों ने दक्षिणी लाल सागर में गश्त कर रहे अमेरिकी नौसैनिक जहाज को सूचित किया था कि उन पर हमला हो रहा है। अमेरिकी सेना ने कहा कि उनमें से एक, नॉर्वे का झंडा लगे और स्वामित्व वाले एम/वी ब्लामेनन नामक रासायनिक टैंकर ने सूचना दी कि हूतियों द्वारा छोड़ा गया ड्रोन उनके बेहद करीब से गुजरा है। वहीं, जिस जहाज पर ड्रोन से हमला हुआ है वो एम/वी साईबाबा है। वहीं अमेरिकी सेना ने यह भी बताया है कि एक दूसरा जहाज, एम/वी साईबाबा, जो गैबॉन के स्वामित्व वाला जहाज है और जिसपर भारत का झंडा लगा हुआ है, पर ड्रोन से हमला हुआ है। यह जहाज अपने साथ कच्चा तेल लेकर जा रहा था। हालांकि, इस ड्रोन हमले में जहाज पर किसी के घायल होने की कोई सूचना अभी तक नहीं है।
बता दें कि शनिवार को भारत के तट पर एक व्यापारिक जहाज पर संदिग्ध ड्रोन हमला हुआ था। इस हमले को लेकर पेंटागन की और से अब एक बयान आया है, जिसमें कहा गया है कि ये ड्रोन ईरान से लॉन्च किया गया था। मोटर जहाज केम प्लूटो, एक लाइबेरिया-ध्वजांकित, जापानी-स्वामित्व वाला और नीदरलैंड-संचालित रासायनिक टैंकर पर स्थानीय समयानुसार लगभग 10 बजे हिंद महासागर में संदिग्ध ड्रोन हमला हुआ था। जिस समय इसपर हमला हुआ था, ये भारत के तट से 200 समुद्री मील दूरी पर था। जहाज के चालक दल में 21 भारतीय शामिल थे।
चीन में भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 32 पहुंची

## उत्तर पश्चिम चीन में 18 दिसंबर को आए 6.2 तीव्रता के भूकंप से किंघई प्रांत में मरने वालों की संख्या बढ़कर 32 हो गई है

**बीजिंग।** उत्तर पश्चिम चीन में 18 दिसंबर को आए 6.2 तीव्रता के भूकंप से किंघई प्रांत में मरने वालों की संख्या बढ़कर 32 हो गई है, जबकि दो लोग अभी भी लापता हैं। यह जानकारी सोमवार को किंघई आपातकालीन प्रबंधन विभाग ने दी।
विभाग ने कहा कि हताहतों की संख्या के ये आंकड़े रात 11 बजे तक के हैं। शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने भी रविवार को पुष्टि करते हुए कहा कि दो लापता लोगों की तलाश जारी है।